वर्ष-07, अंक-77 | गुरुवार 31 अगस्त 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

■ इम्पेक्ट फीचर

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रहीं मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं से मिली मदद

# प्रदेश के सवा ग्यारह लाख किसानों को 2123 करोड़ रुपये की ब्याज माफी

### किसानों को कृषि कार्य के लिए खाद उपलब्ध कराने के लिये दी जा रही सुविधा

**किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं से मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्णय लेते हुए प्रदेश के 11 लाख 19 हजार किसानों का 2123 करोड़ का ब्याज माफ किया है। ब्याज माफी योजना में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों से संबद्ध प्राथमिक साख सहकारी समितियों के 2 लाख रुपए तक के 11 लाख 19 हजार डिफॉल्टर किसानों पर बकाया ब्याज की राशि माफ की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा कि थी कि 'जो किसान ऋण माफी के चक्कर में डिफॉल्टर हो गए हैं, उनके ब्याज की राशि सरकार द्वारा भरी जाएगी', जिसे पूरा किया गया है। ब्याज माफी योजना से प्रदेश के 11 लाख से अधिक किसानों को राहत मिली हैं। ऐसे सभी किसान डिफॉल्टर होने के कारण सामान्य कृषकों की तरह खाद, बीज और अन्य सामग्री नहीं ले पा रहे थे, वह अब सामान्य किसान की तरह लेन-देन कर रहे हैं। किसानों को कृषि कार्य के लिए खाद उपलब्ध कराने के लिये विशेष सुविधा दी गई। जितनी राशि किसान द्वारा अपने ऋण खाते में नकद जमा की जाएगी उतनी राशि तक का खाद वे समिति से ऋण के रूप में प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना की अंतिम तिथि 30 नम्बवर 2023 नियत की गई है।**



**किसानों के लिए 5413 सहकारी संस्थाएं कर रहीं काम, अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदाय करने में बनीं सहायक**

मध्यप्रदेश में किसानों अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान करने इसके तहत प्रादेशिक स्तर पर राज्य सहकारी बैंक और उनकी 24 शाखाओं का वृहद नेटवर्क तत्पर है। जिला स्तर पर 38 सहकारी बैंक और उनकी 829 शाखाएं सक्रिय हैं। तीसरे पायदान पर हैं, ग्रामीण स्तर की 4522 प्राथमिक सहकारी साख समितियां जिनकी पहुंच प्रदेश के हर गांव में है। ये समितियां किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदाय करने में सहयोग कर रही हैं। आइए जानते हैं। प्रदेश की अल्पकालीन त्रि-स्तरीय संस्थाओं के किसानों के लिए बड़ी राहत का जरिया बनी हुई हैं।

### अपेक्स बैंक जो हर तरह से मददगार

अल्पकालीन सहकारी साख संरचना के अंतर्गत यह शीर्ष स्तरीय संस्था है। अपेक्स बैंक न केवल अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण की प्रतिपूर्ति जिला बैंकों को करता है, बल्कि यह अपनी 24 शाखाओं के माध्यम से बैंकिंग व्यवसाय भी करता है।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से अन्य क्षेत्रों में भी ऋण

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक न केवल प्राथमिक सहकारी संस्थाओं द्वारा वितरित कृषि ऋण वितरण की प्रतिपूर्ति की जाती है बल्कि इन बैंकों के द्वारा अकृषि ऋण और आवास, वाहन और व्यावसायिक ऋण भी दिया जाता है।

### प्राथमिक कृषि साख संस्थाएं दे रहीं कृषि आदान

प्रदेश में 4522 प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इन संस्थाओं से उपलब्ध कराए गए ऋण की प्रतिपूर्ति जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक करते हैं। ये संस्थाएं मुख्यतः कृषि कार्यों के लिए अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराती हैं, जो कि खाद, बीज और कीटनाशक दवाई के रूप में होता है। साथ ही इन संस्थाओं द्वारा राज्य शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के संचालन और समर्थन मूल्य पर गेहूं, धान और मक्का आदि का उपार्जन भी किया जाता है।

## मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों से अन्नदाता को मिल रही राहत

# सूदखारों से बचाने के लिए किसानों को प्रदेश में मिल रहा ब्याज रहित कर्ज




कृषि प्रधान राज्य मध्य प्रदेश में किसान हित में सरकार हर तरह के जतन कर रही है। उन्हें सूदखोरों के चक्रव्यूह से बचाने के लिए प्रदेश में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण मुहैया करवाने की कवायद जारी है ताकि कोई किसान आर्थिक तंगी के कारण ब्याज पर कर्ज लेने को मजबूर ना हों। साथ ही किसी को पैसे के अभाव में खेत भी खाली न छोड़ना पड़े। प्रदेश सरकार और उसके संबंधित विभाग अन्नदाता के लिए तरह-तरह की योजनाएं बना रहे हैं, ताकि वह चिंता मुक्त होकर मुनाफे की खेती कर सके। इसी कड़ी में प्रदेश में वर्ष 2012-13 से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को (शून्य) प्रतिशत ब्याज दर पर 3 लाख रुपए तक अल्पकालीन फसल ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए वर्तमान में 10 प्रतिशत की ब्याज सहायता राज्य और केन्द्र सरकार सहकारी समितियों को उपलब्ध करा रही हैं। वर्ष 2022- 23 में खरीफ और रबी मौसम में लगभग 34 लाख कृषक लाभान्वित हुए हैं। योजना के तहत वर्ष 2012-13 से केन्द्र और राज्य शासन 8053.37 करोड रुपए की राशि ब्याज सहायता कृषकों के लिए उपलब्ध करा चुकी है।

### 10 साल के दरमियान 1.49 लाख करोड़ रुपए का ऋण

इसी तरह से वर्ष 2012-13 से लेकर वर्ष 2022-23 तक कृषकों को 1.49 लाख करोड़ रुपए का अल्पकालीन फसल ऋण वितरण प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से राज्य के किसानों को दिया जा चुका है। वर्ष 2012-13 से योजना में राज्य सरकार 4670.00 करोड़ रुपए की ब्याज सहायता राशि उपलब्ध करवा चुकी है।

### किसानों को फसल ऋण

(राशि रुपए करोड़ में)

| वर्ष | वितरित फसल ऋण | वर्ष में निर्गमित |
|---|---|---|
| 2012-13 | 10343.08 | 328.12 |
| 2013-14 | 12686.21 | 323.56 |
| 2014-15 | 13597.88 | 128.20 |
| 2015-16 | 13588.44 | 835.44 |
| 2016-17 | 12036.16 | 677.92 |
| 2017-18 | 12976.63 | 493.46 |
| 2018-19 | 12597.43 | 15.01 |
| 2019-20 | 11471.05 | 63.06 |
| 2020-21 | 14870.47 | 236.18 |
| 2021-22 | 16807.03 | 937.15 |
| 2022-23 | 18407.03 | 600.00 |
| कुल योग | 149381.41 | 4638.10 |

## किसानों के लिए किसी सहारे से कम नहीं केसीसी

# राज्य में अभी तक 75 लाख कृषकों को मिले क्रेडिट कार्ड

**किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) किसी सहारे से कम नहीं। यही वजह है कि सरकार ने भी इस योजना को प्राथमिकता में शामिल किया है। समय-समय पर बैंकों से लेकर सहकारी समितियों के हवाले से हो रहे वितरण की व्यवस्था की निगरानी और समीक्षा की जाती है। प्रदेश में समस्त बैंकों द्वारा दिसम्बर 2022 तक कुल 74.11 लाख केसीसी का वितरण किया गया है। कुल जारी केसीसी में से सहकारी बैंकों की ओर से दिसम्बर 22 तक 39.57 लाख केसीसी जारी किए गए हैं। सहकारी बैंकों की ओर से प्रदेश में कुल वितरित केसीसी का लगभग 53.40 प्रतिशत है।**



### सहकारी बैंकों ने दिए 39.63 लाख केसीसी

सहकारी बैंकों द्वारा कुल वितरित केसीसी की संख्या 39.63 लाख पहुंच गई है। आंकड़ों की समीक्षा करें तो पता चलता है कि कुल वितरित केसीसी में सबसे ज्यादा सहकारी समितियों के माध्यम से दिए गए है। प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से दिसम्बर 2022 तक 39 लाख 57 हजार 569 किसानों को केसीसी दिए गए। प्रतिशत के हिसाब से ये 53.40 हैं जो कि बाकी चार सेक्टर का आधा है। इसी तरह से दूसरे क्रम पर पब्लिक सेक्टर के बैंक हैं, जिन्होंने 19 लाख 60 हजार 628 केसीसी दिए हैं। इनका प्रतिशत 26.46 है। माइक्रो फाइनेंस यानी लघु वित्त सेक्टर की बैंकों ने 6 लाख 12 हजार 966 केसीसी दिए, जिनका प्रतिशत 8.68 है। चौथे क्रम पर है क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिन्होंने 5 लाख 25 हजार 478 केसीसी दिए जिनका प्रतिशत 7.09 है। प्राइवेट सेक्टर की बात करें तो 3 लाख 24 हजार 537 केसीसी दिए, जिसका प्रतिशत मात्र 4.38 प्रतिशत है। विभिन्न बैंकों की ओर से वितरित किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) को दिसम्बर 2022 की स्थिति पर योग जानकारी इस प्रकार है :




| बैंक / संस्था | वितरित केसीसी | प्रतिशत |
|---|---|---|
| सहकारी समितियां | 3957569 | 53.40 |
| पब्लिक सेक्टर | 1960628 | 26.46 |
| लघु वित्त सेक्टर | 642966 | 8.68 |
| क्षेत्रीय ग्रामीण | 525478 | 7.09 |
| प्राइवेट सेक्टर | 324537 | 4.38 |
| योग | 7411178 | 100.00 |

दिसम्बर 2022 (संख्या वास्तविक)

## किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

### मुख्यमंत्री को धन्यवाद मैं बहुत खुश हूं



ब्याज माफी योजना के तहत मेरा 26 हजार रुपये का ब्याज माफ हुआ है। मैं बहुत खुश हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को धन्यवाद देता हूं।

– **भरत लाल,** पिता परशराम बेलावे, कुम्हारीखुर्द (बालाघाट)

### मेरा 38 हजार रुपए का ब्याज माफ किया गया



ब्याज माफी योजना अंतर्गतम मेरा 38 हजार रुपए ब्याज माफ हुआ है। मैं बहुत खुश हूं। माननीय मुख्यमंत्री शिवराज जी का धन्यवाद देता हूं।

– **रमेश पिता ओंकार,** सेवा सहकारी समिति, साडरा (बालाघाट)

### 29,053 रुपए ब्याज माफ, आभार मानता हूं



ब्याज माफी योजना अंतर्गत मेरा 29 हजार 53 रुपए ब्याज माफ हुआ है। मैं बहुत खुश हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।

– **रवि कोमल,** बेला सहकारी समिति, शाखा साडरा (बालाघाट)

### 45,562 रुपए ब्याज माफ होने से प्रसन्न हूं



ब्याज माफी योजना के तहत मेरा 42 हजार 562 रुपए ब्याज माफ हुआ है। मैं बहुत प्रसन्न हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।

– **मंशुराम चौधरी,** दयगांव सहकारी समिति, शाखा साडरा (बालाघाट)

### मेरा 28 हजार रुपए ब्याज माफ हुआ



मेरे ऋण जिसका ब्याज 28 हजार रुपए था। ब्याज माफी योजना के तहत मेरा ब्याज माफ हुआ है। मैं बहुत प्रसन्न हूं। मुख्यमंत्री माननीय शिवराज जी का आभार व्यक्त करता हूं।

– **चुन्नी लाल,** सेवा सहकारी समिति, मानेगांव

D16227/23

■ इम्पेक्ट फीचर

## प्रदेश में 4220 करोड़ से ज्यादा राशि के 519 प्रोजेक्ट पर काम पूरा

# स्मार्ट सिटी रैंकिंग में प्रदेश अग्रणी



**आत्मनिर्भर** मध्यप्रदेश - 2023 के रोडमैप सहयोगी संवहनीय विकास, नगरीय सुशासन के लिए कानूनी और राजकोषीय सुधार, शहरी सेवा प्रदाय और नगरीय नियोजन से शहरी अर्थ-व्यवस्था में सुधार कार्यक्रमों को शामिल किया गया है । इसी के तहत स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर न सिर्फ तीव्र गति से कार्य जारी है, बल्कि मध्यप्रदेश देश में अग्रिम पंक्ति में बैठा हुआ है।

स्मार्ट सिटी मिशन में राज्य की सात स्मार्ट सिटी मुख्य परियोजनाएं जैसे स्मार्ट रोड, पब्लिक में बाइक शेयरिंग, स्मार्ट पोल, स्मार्ट लाइटिंग, स्मार्ट क्लास मल्टीलेवल पार्किंग, इंटेलीजेंस ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट हेल्थ, स्मार्ट सोलर ऊर्जा, पुरातत्व धरोहरों का संरक्षण के अंतर्गत रेस्टोरेशन कार्य, रिवर फ्रंट / लेक डेवलपमेंट, नॉनमोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट आदि सम्मिलित किए गए हैं। योजना में प्राप्त 4220 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि के कुल 519 प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में 2232 करोड़ से ज्यादा राशि के 127 प्रोजेक्ट्स कार्य जारी हैं।

भारत सरकार द्वारा जारी स्मार्ट रैंकिंग में भोपाल स्मार्ट सिटी को पहला एवं इंदौर स्मार्ट सिटी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। देश में स्टेट स्मार्ट सिटी रैंकिंग में मध्यप्रदेश को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के नगरीय निकायों में ऊर्जा बचत के उद्देश्य से स्ववित्त पोषित एवं पीपीपी आधार पर पारम्परिक स्ट्रीट लाइटों को ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइट से बदलने का कार्य किया जा रहा है।

स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत युवाओं में उद्यमिता विकास के लिए प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर तथा सतना में स्टार्ट-अप्स इंक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना की गई है। सागर एवं सतना में इंक्यूबेशन केंद्रों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। अब तक 825- स्टार्टअप को सुविधाएं एवं समर्थन, 85 से अधिक को लगभग 12 करोड़ से अधिक की फन्डिंग प्राप्त हो चुकी है। समस्त स्मार्ट सिटी शहरों में एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर प्रारंभ किए जा चुके हैं।

### स्मार्ट सिटी एक्सपो: मध्यप्रदेश को 7 कैटेगरी में मिले अवॉर्ड



नई दिल्ली में हुए स्मार्ट सिटी एक्सपो में कैटेगरी कुल 16 में से मध्यप्रदेश की स्मार्ट सिटीज को 7 कैटेगरी में अवॉर्ड मिले। स्मार्ट सिटी इंदौर और जबलपुर को 2-2 और भोपाल, सागर और उज्जैन को एक-एक अवॉर्ड मिला। स्मार्ट सिटी इंदौर को बेस्ट स्टार्टअप और बेस्ट वॉटर मैनेजमेंट कैटेगरी, जबलपुर को गवर्नेंस एवं इकोनॉमी (311 एप) और सिटी लीडर (बेस्ट स्मार्ट सिटी सीईओ) कैटेगरी में अवॉर्ड मिला। इसी तरह स्मार्ट सिटी भोपाल को स्मार्ट पार्किंग केटेगरी, सागर को क्लीन सिटी कैटेगरी और उज्जैन को उज्जैन महाकाल लोक के लिए विशेष अवार्ड प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में 27 से 29 मार्च तक 8वां स्मार्ट सिटी इंडिया-2023 एक्सपो आयोजित किया गया था।

अवार्ड के लिए 16 कैटेगरी में नॉमिनेशन जनवरी से फरवरी 2023 तक लिए गए थे। नॉमिनेशन गवर्नेंस एंड इकोनॉमी अवार्ड, स्मार्ट अर्बन मोबिलिटी , बेस्ट वाटर मेनेजमेंट , बेस्ट सिटी लीडर , बेस्ट हेल्थ केयर इनीशिएटिव , क्लीन सिटी अवार्ड, डिजिटल सिटी अवार्ड, पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप अवार्ड, सेफ सिटी अवॉर्ड, स्मार्ट सिटी ऑफ द ईयर , स्मार्ट एनर्जी प्रोजेक्ट , स्मार्ट वेस्ट डिस्पोजल अवॉर्ड, स्पेशल कैटेगरी , बेस्ट स्टार्टअप इनीशिएटिव , स्मार्ट पार्किंग इनीशिएटिव और पीपीपी इनीशिएटिव केटेगरी में थे।

## शहरी अधोसंरचना विकास के लिए प्रदेश में 332 करोड़ रुपए स्वीकृत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शहरों के विकास के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण में 332 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत राशि से 299 नगरीय निकायों की 308 परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा। स्वीकृत राशि से 29 घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले विकास कार्यों में अशोक नगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 25 करोड़, कटनी नदी पुल के दोनों ओर एवं कटाया घाट में रिवर फ्रंट विकास के लिए 6 करोड़, बड़वानी शहर में सड़कों के चौड़ीकरण और वेंडर मार्केट के लिए 3 करोड़ 50 लाख रुपए जारी किए गए। प्रत्येक नगर पंचायत को विकास कार्यों के लिए 2-2 करोड़, शिवपुरी की थीम रोड के सौन्दर्यीकरण के लिए 8 करोड़ 50 लाख, नगर निगम भोपाल में वॉर्ड 80 से 85 तक को विकास कार्यों के लिए 15 करोड़, गुफा मंदिर प्रांगण में नाले का निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिये 5 करोड़, छोला हनुमान जी के मंदिर का जीर्णोद्धार एवं कॉरिडोर निर्माण के लिए 6 करोड़, ब्यौहारी को मिनी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 20 करोड़, नगर परिषद चित्रकूट में कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण के लिए 25 करोड़ और चित्रकूट में विभिन्न निर्माण एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

## 511.15 करोड़ से इंदौर में कान्ह और सरस्वती नदियों का हो रहा जीर्णोद्धार

इंदौर की कान्ह और सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में 511 करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि से इंदौर में कबीटखेड़ी स्थित पुराने 78 और 12 एमएलडी के स्थान पर 120 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, लक्ष्मीबाई प्रतिमा के पास 35 एमएलडी और कनाड़िया क्षेत्र में 40 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।

## सफाई कर्मियों की हादसे में मृत्यु पर परिजनों को मिलेंगे 5 लाख रुपए

नगरीय निकायों में नियमित वेतनमान में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के लिए समूह बीमा योजना को पुनरीक्षित किया गया है। इसके तहत सफाई कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु पर उनके परिजन को प्रदेश सरकार द्वारा 5 लाख रुपए की बीमा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सामान्य मृत्यु पर पूर्व की तरह एक लाख रुपए मिलेंगे। सफाई कर्मचारियों के लिए समूह बीमा योजना में दावा प्रकरणों की स्वीकृति संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा दी जाएगी।

## कॉल बिफोर यू डिग ऐप पर सभी नगर निकाय पंजीकृत

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 413 निकायों के संबंधित अधिकारियों का "कॉल बिफोर यू डिग" ऐप पर पंजीयन कर लिया है। भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय द्वारा दूरसंचार अधोसंरचना से जुड़ी अनुमतियों के संबंध में "कॉल बिफोर यू डिग" ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप में सम्पत्ति मालिक और एजेंसियों का पंजीकरण किया गया है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां समस्त नगरीय निकाय इस ऐप पर पंजीबद्ध हो चुके हैं।

**शहरों का विकास :** प्रदेश के सभी शहरों को हरा-भरा बनाने के प्रयास

# 413 शहरी निकायों में शिव वाटिकाएं, 52 हजार पौधे रोपे, 750 करोड़ से सड़कों का कायाकल्प

### शिव वाटिकाओं में लगाए 52 हजार से अधिक पौधे



**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के सभी शहरों को हरा-भरा बनाने के पूरे प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में शिव वाटिकाएं बनाई गई हैं, जहां अब तक करीब 52 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया जा चुका है। प्रदेश में 596 शिव वाटिका बनाई गई हैं। इनमें भोपाल संभाग में 45, चंबल में 44 ग्वालियर में 63, इंदौर में 66, जबलपुर में 87, नर्मदापुरम में 19, रीवा में 80, सागर में 83, शहडोल में 28 और उज्जैन संभाग में 81 शिव वाटिका बनाई गई हैं। ये सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बाकी शहरों में भी योजना का विस्तार दिया जा रहा है।

शिव वाटिकाओं का कुल क्षेत्रफल 12 लाख 22 हजार 107 वर्ग मीटर है। इस बात को जिम्मेदारी सभी नगरीय निकाय को सौंपी गई है कि लगाए गए पौधों की पेड़ बनने तक सुरक्षा सुनिश्चित करें। समस्त 413 नगरीय निकाय द्वारा निर्मित शिव वाटिका में पौध-रोपण लाड़ली बहनों, गणमान्य नागरिक एवं आमजन द्वारा किया गया। नगर निकाय द्वारा निर्मित शिव वाटिका में रूद्राक्ष, बेल, शमी, बरगद, पीपल, नीम आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए गए। नगरीय क्षेत्र इंदौर में सर्वाधिक 2150 पौधों का रोपण स्कीम नं. 71 के पास निर्मित शिव वाटिका एवं अन्य स्थानों पर किया गया है।

भोपाल में 650 पौधे, ग्वालियर में गौशाला एवं अन्य स्थानों पर 500 पौधों का रोपण किया गया। जबलपुर में शताब्दीपुरम् के पास शिव वाटिका का निर्माण कर 500 पौधे रोपे गए। प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकाय द्वारा निर्मित शिव वाटिका में 52 हजार 272 पौधे लगाए गए हैं।

### तीन महीने में ही चमक गईं शहरों की सड़कें

मध्यप्रदेश सरकार ने सूबे के 413 नगरीय निकायों की सड़कों की मरम्मत के लिए कायाकल्प अभियान के तहत भोपाल में हुए एक कार्यक्रम में नगरीय निकायों को 350 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी की। दूसरी किश्त 400 करोड़ रुपये की भी जारी की जा चुकी है। प्रदेश के 413 नगरीय निकायों की सड़कों के लिए कायाकल्प अभियान में 750 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। प्रदेश में शुरू हुए कायाकल्प अभियान में नगरीय निकायों को राशि उपलब्ध कराने का फैसला किया गया है। इसके तहत सड़क मरम्मती करण के सभी कार्य समय-सीमा में किया जाना तय किया गया है। मई महीने से सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया, जिसे आगामी दो से तीन महीनों में पूरा किया जाना है। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि मरम्मत के सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। मध्यप्रदेश ने पूरे देश में स्वच्छता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एक अलग पहचान बनाई है। अब यही प्रदर्शन वह शहरी सड़कों के क्षेत्र में भी कर रहा है। कायाकल्प का यह प्रयास जन-प्रतिनिधियों के सहयोग और जन-भागीदारी से संभव हुआ है।



### शहर की हर सड़क की मरम्मत के लिए कायाकल्प अभियान

प्रदेश के नगरों की आंतरिक सड़कें ठीक हों और नागरिकों का जीवन सुगम हो, इसके लिए सूबे के इतिहास में पहली बार राज्य सरकार ने अपने बजट से नगरीय निकायों को सड़कों के रख-रखाव के लिए रकम उपलब्ध कराई है। सड़कों का रख-रखाव नगरीय निकाय का दायित्व है। नगरीय निकायों के पास सड़कों के रख-रखाव के लिए पर्याप्त रकम की उपलब्धता हो, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सड़क कायाकल्प अभियान शुरू किया गया है।

- शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

## मध्यप्रदेश में सात शहरों के तालाब और झीलों का किया जा रहा जीर्णोद्धार

मध्यप्रदेश के 7 निकायों में झीलों तथा तालाब का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2012 में ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाली झीलों और तालाबों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नोडल एजेंसी घोषित किया था । झीलों एवं तालाबों का संरक्षण एवं विकास, सौन्दर्यीकरण और जीर्णोद्धार के कार्य जैसे घाट निर्माण, पिचिंग, पेवर ब्लॉक लगाने, गहरीकरण इत्यादि के कार्य किए जा रहे हैं।



## स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना और पेयजल जैसी योजनाओं में मध्यप्रदेश ने लिखा नया अध्याय

# शहरी परिवारों को घर मुहैया कराने दिया भूमि का पट्टा

**शहरी** विकास की भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, पेयजल और स्मार्ट सिटी जैसी सभी योजनाओं में मध्यप्रदेश के शहरों ने एक नया अध्याय लिखा है। किसी प्रदेश के शहर की समृद्धि और विकास की झलक ही उस प्रदेश के बारे में लोगों का माइंड सेट बनाती है। यह अतिशयोक्ति नहीं है कि मध्यप्रदेश देशवासियों ही नहीं, विदेशियों का भी यह माइंडसेट बनाने में सफल हुआ है, कि प्रदेश चहुंमुखी विकास कर रहा है। जापान का एक प्रतिनिधि इंदौर में एक सम्मेलन में शामिल होने आता है और वह सुबह इंदौर शहर का भ्रमण स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि कचरा ढूंढने के लिये करता है। जब इस बारे में पूछा जाता है, तो वह कहते हैं कि "लगातार 4 वर्ष से देश में स्वच्छता में नंबर एक पर रहने वाले शहर की स्थिति देखने गया था। मैं संतुष्ट हूँ।" इस तरह प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में शहरों का लगातार विकास हो रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में प्रदेश विगत वर्ष से एक पायदान ऊपर अब तीसरे स्थान पर है। भोपाल को देश की स्वच्छतम स्व-संवहनीय राजधानी का गौरव प्राप्त हुआ है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में पहली बार प्रदेश के चार शहर 10 लाख से अधिक जनसंख्या के शहरों में शीर्ष 20 में सम्मिलित हैं। सिर्फ स्वच्छ सर्वेक्षण में ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में भी मध्यप्रदेश को देश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश ने ही पूरे देश में सबसे पहले प्रधानमंत्री के माध्यम से एक लाख से ज्यादा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। आवास उपलब्ध कराने के लिये आवासीय भूमि का पट्टा भी भूमिहीन शहरी परिवारों को उपलब्ध कराया गया है। मलिन बस्ती के शहरी गरीबों को दी जाने वाली अनुदान राशि के बराबर ही गैर मलिन बस्ती के शहरी गरीबों को भी राज्य सरकार ने डेढ़ लाख रुपए का अनुदान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश स्मार्ट सिटी मिशन में देश में प्रथम है। भोपाल एवं इंदौर में मेट्रो रेल का कार्य तेजी से चल रहा है।



## पेयजल और सीवेज की योजनाओं में भी हम आगे

सरकार का दृढ़ निश्चय है कि सभी शहरों से पानी दिया जाये। इसे मूर्तरूप देने के लिये 378 नगरीय निकाय की जल आवर्धन योजना को पूर्ण करने के लिए वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नवगठित 29 नगरीय निकायों तथा नगरों के विस्तार / सीमा वृद्धि के कारण पहले स्वीकृत पेयजल परियोजनाओं के अतिरिक्त कार्यों के लिये मुख्यमंत्री शहरी पेयजल परियोजना के दूसरे चरण की स्वीकृति दी जा रही है । अमृत योजना की स्वीकृत 6801 करोड़ 95 लाख की 214 परियोजनाओं में से 181 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं।

D16227/23

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
31 अगस्त 2023
गुरुवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### मप्र की शिवराज कैबिनेट की बैठक में बना महिलाओं को राहत देने का फार्मूला

# ₹450 वाले गैस सिलेंडर के लिए जरूरी होगा आवेदन, सितंबर में बिजली का बिल आएगा जीरो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में कई बिजली उपभोक्ताओं के लिये कल से शुरु होने वाला महीना झटके से बचाने वाला होगा। सरकार ने निर्णय लिया है कि सितंबर में *शिकायती उपभोक्ताओं* का बिजली का बिल शून्य होगा। जबकि सावन के महीने में गैस सिलेंडर खरीद करने वाली महिलाओं के आवेदन लेकर राशि ट्रांसफर होगी। यह फैसले आज राज्य की शिवराज कैबिनेट की बैठक में हुए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मंत्रियों से कहा कि सावन माह के सिलेंडर की राशि की प्रतिपूर्ति डीबीटी के माध्यम से अकाउंट में की जाएगी। रिफिल कराने वाली बहनों के आधार से लिंक खाते में लगभग 500 रुपए प्रति रिफिल के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। बैठक में फैसला हुआ कि उज्जवला गैस कनेक्शन के खातों में तत्काल यह राशि भेजी जाएगी, जबकि शेष कनेक्शनों के लिये आवेदन लिए जाएंगे और फिर राशि भेजी जाएगी। कैबिनेट ने तय किया कि यह राशि 4 जुलाई से 31 अगस्त तक खरीदे गए गैस सिलेंडर के लिए होगी।

इसी तरह कैबिनेट ने बढे हुए या सरचार्ज वाले बिजली के बिलों की शिकायतों को देखते हुए तय किया है कि इन पर 31 अगस्त तक की वसूली स्थगित की जाएगी। इसके बाद बारीकी से हर मामले का परीक्षण किया जाएगा। ताजा निर्णय के चलते ऐसे उपभोक्ताओं का बिजली का बिल सितंबर में जीरो आयेगा। इसके अलावा बैठक में आज आशा पर्यवेक्षक के सम्बंध में राशि को दो हजार से 6 हजार रुपये करने का फैसला भी हुआ,इसका सरकार ने पिछले दिनों वादा किया था। कैबिनेट ने आज रीवा में जवा नया अनुभाग बनाने, रतलाम और छतरपुर में 2 नई नल जल योजनाओं की मंजूरी देने, 15 सितंबर से संभाग से लेकर राज्य स्तरीय यूथ गेम्स आयोजन व अशोकनगर में भाजपा कार्यालय के लिये जमीन के के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई।

## भोपाल में तीन हजार करोड़ का दक्षिण-पश्चिम बायपास मंजूर



आज कैबिनेट ने भोपाल के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में नया बायपास निर्माण को मंजूरी दे दी है। करीब 3000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस बायपास से जबलपुर-नर्मदापुरम से इंदौर-मुंबई जाने वाले वाहनों की दूरी 25 किमी कम होगी। यह मार्ग भोपाल जिले के कोलार, नीलबड़-रातीबड़, रायसेन जिले के मंडीदीप व सीहोर जिले की लगभग 10 लाख आबादी को लाभ देगा। यह बायपास 40.90 किमी लंबा होगा, जिसमें फोर लेन के साथ सिक्स लेन स्ट्रक्चर और दोनों तरफ दो लेन की सर्विस रोड होगी। इस मार्ग में जंगल का भी हिस्सा है। इसमें एक सिक्स लेन आरओबी, दो फ्लाईओवर, 15 अंडर पास और दो बड़े जंक्शन होंगे। इसके



लिए जितने पेड़ कटेंगे, उतने ही दूसरी जगह नियमानुसार रोपे जाएंगे। इसे हाइब्रिड एन्यूटी मोड पर बनाया जाना है। प्रोजेक्ट में 697 करोड़ सड़क निर्माण में खर्च होंगे। 1784 करोड़ एन्यूटी के जरिए 15 वर्षों में जुटाए जाएंगे। प्रोजेक्ट के बीच भोपाल-इटारसी रेलवे लाइन भी आ रही है। इसके ऊपर सिक्स लेन आरओबी बनेगा।

### बायपास रिंग रोड की तरह... मंडीदीप और पीथमपुर के बीच कनेक्टिविटी बनेगी

*बताया जाता है कि मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र भोपाल एवं पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र इंदौर के बीच बेहतर कनेक्टिविटी बनेगी। जबलपुर और नर्मदापुरम से इंदौर-मुंबई की ओर जाने वाले यातायात में मदद होगी। जबलपुर और नर्मदापुरम की ओर से इंदौर जाने वाले वाहनों को भोपाल शहर से नहीं गुजरना पड़ेगा। पश्चिमी बायपास के बनने के बाद उत्तर-पूर्व बायपास से मिलेगा तथा भोपाल के रिंग रोड की तरह भी काम करेगा। जमीन अधिग्रहण के लिए 460 करोड़ रुपए का प्रावधान होगा।*

## नाराजगी की लपटें..भाजपा विधायक ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** भाजपा में चुनाव के पहले ही असंतोष के मुखर होने से पार्टी के चुनाव रणनीतिकार परेशान हैं। अब ताजा असंतोष शिवपुरी से मुखर हुआ है और कोलारस विधानसभा से भाजपा विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से ही अपना इस्तीफा दे दिया है। इस निर्णय से भाजपा को बड़ा झटका लगा है। रघुवंशी ने पार्टी छोड़ने की घोषणा करते हुए कई आरोप भी लगा दिये हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के आने के बाद भाजपा की रीति नीति ही बदल गई है। ग्वालियर-चंबल में मूल कार्यकर्ताओं को कुचला जा रहा है। रघुवंशी का कहना है कि साढ़े तीन साल से सीएम को पीड़ा बता रहा हूं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।



**फर्जी एफआईआरः** रघुवंशी का आरोप है कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर और प्रभारी मंत्री महेंद्र सिसोदिया विकास में बाधक बन रहे हैं। पूरी ताकत से सिंधिया के मंत्री विकास कार्यों को क्षति पहुंचा रहे हैं। इन लोगों ने मुझ पर फर्जी एफआईआर करने का भी पूरा प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि रघुवंशी ने सिंधिया के साथ राजनीति की शुरुआत की थी, लेकिन सिंधिया से नाराजगी के बाद भाजपा में आ गए थे। माना जा रहा है कि अब वे शिवपुरी से यशोधरा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

### इंदौर में भी आक्रोश के स्वर तेज

हाल में भाजपा ने पिछले चुनाव में हारी हुई 39 विधानसभा सीटों पर चुनाव के एलान से पहले ही प्रत्याशी घोषित करके मुसीबत मोल ले ली है। वहीं दूसरी सूची से पहले ऐसी सीटों पर भी विरोध शुरू हो गया है, जहां चुनाव की तैयारी में लगे नेताओं को टिकट न मिलने या कटने का अंदेशा है। बताते हैं कि इंदौर जिले की 9 में से 6 सीटों पर गुटबाजी और बगावती तेवर उभर रहे हैं। कहीं कार्यकर्ताओं ने गुप्त बैठकें की हैं तो हाइकमान को खून से चिट्ठी तक लिख दी है। भाजपा को इंदौर-1, 4, 5, राऊ, महू और देपालपुर सीट पर अपनों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। इन सीटों पर घोषित और संभावित प्रत्याशियों के विरोध में स्थानीय नेता लामबंद हैं। जानकारों का मानना है कि इंदौर की सीटों पर जो हालात बने हैं उसकी वजह दो बड़े नेताओं के बीच का वर्षों पुराना चला आ रहा टकराव भी है।

## दिल्ली में कांग्रेस का 'लवली दांव'

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ा दांव खेल दिया है। कांग्रेस ने कद्दावर नेता रहे अरविंदर सिंह लवली को राजधानी में कांग्रेस की कमान सौंप दी है।



लवली अब अनिल चौधरी की जगह नई जिम्मेदारी संभालेंगे। लवली की नियुक्ति को लोकसभा चुनाव से पहले संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वे 15 साल तक रही शीला दीक्षित सरकार में शिक्षा से लेकर पर्यटन मंत्रालय की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। चुनाव से पहले लवली की नियुक्ति के बाद अब नजरें आम आदमी पार्टी और सीएम अरविंद केजरीवाल पर हैं कि वे किस रणनीति पर आगे बढ़ती है। क्योंकि वली पहले भी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## पाक राष्ट्रपति ने वेतन बढाने की मांग की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कई महीनों से भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। महंगाई ने कमर तोड़कर रखी है। बिजली की कीमतों को लेकर तो जनता सड़कों पर उतर आई है।



मगर बढ़ती महंगाई के बीच पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी अपने वेतन में बढ़ोतरी चाहते हैं। आधिकारिक दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि राष्ट्रपति ने पहली बार 1 जुलाई 2021 को और अब 2023को यह मांग की। अभी राष्ट्रपति का मासिक वेतन 846,550 रुपए है। वे जुलाई 2021 और जुलाई 2023 से दो चरणों में 1024325 रुपए और 1229190 रुपए प्रति महीने की सैलरी चाहते हैं।

## राखी बंधवाने का मौका आज सूर्यास्त तक !

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन का त्योहार इस साल भद्रा काल के चलते 30की रात से आज 31 अगस्त की सुबह तक दो दिन मनाया गया। जो बहनें आज 31 अगस्त को भाई की कलाई पर राखी बांधने वाली थीं उन्हें समय और



मुहूर्त का विशेष ख्याल रखना पड़ा, क्योंकि आज 31 अगस्त की सुबह 7 बजकर 5 मिनट से पहले ही भाई की कलाई पर राखी बांधने का मुहूर्त था। मगर ऐसा भी संभव है कि कई बहनें भाइयों को किसी कारणवश मुहुर्त समय तक राखी नहीं बांध पाई होंगी। ज्योतिषी के मुताबिक, आज मुहूर्त निकलने के बाद भी राखी बांधी जा सकती है।

दिल्ली के ज्योतिषाचार्य विजय दीक्षित ने कहा है कि सूर्य का उदय जिस तिथि में होता है, उस पूरे दिन वही तिथि मानी जाती है। आज 31 अगस्त को सूर्य का उदय पूर्णिमा तिथि में हुआ है इसलिए पूरे दिन सावन पूर्णिमा मानी जाएगी जो व्रत-त्योहार के लिए उदयातिथि होती है। उदयातिथि के मुताबिक, आज सूर्योदय सुबह 5.58 बजे हुआ है और सूर्यास्त शाम 6.44 बजे होगा तो बहनें आज भी राखी बांध सकती हैं।

## शिवलिंग वाले फव्वारे पर भड़के लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों दिल्ली में जी20 समिट के लिए सरगर्मी है। जिसमें अमेरिका व चीन समेत कई देशों के प्रमुख शामिल होने वाले हैं। इसके लिये दिल्ली को सजाया जा रहा है।



दुनिया के कोने-कोने से आने वाले मेहमानों के स्वागत में कुछ फव्वारे ऐसे लगाए गए हैं जिस पर बवाल हो गया है। ये शिवलिंग वाले फाउंटेन बताए जा रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर आया तो लोगों ने आपत्ति भी जताई। कई लोगों ने ट्विटर पर लिखा है कि शिवलिंग मंदिर में होना चाहिए लेकिन सरकार जी20 की सजावट के नाम पर शिवलिंग को फव्वारा बना रही है।

## वेतन समस्याओं के चलते फीकी हो गई राखी

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** महिलाओं को सरकारी सौगातों के बीच कुछ महिला कर्मचारी अनदेखी का भी शिकार हो गई। अनियमित कर्मचारियों ने भी अपनी मांग पूरी नहीं होने के विरोध में राखी नहीं मनाई। सरकारी कर्मचारी त्योहार के पहले वेतन न मिलने के कारण भी परेशान रहे। बताया जाता है कि औषधि प्रशासन विभाग में केमिस्ट के पद पर कार्यरत 11 महिला 3 पुरुष कर्मचारियों एवं 8 हेल्पर को 5 महीने से वेतन के अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह आउटसोर्स के नाम पर नियुक्त हैं। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के सचिव उमाशंकर तिवारी ने वेतन वंचित इन कर्मचारियों को तत्काल वेतन व पीएफ राशि भी जमा कराने की मांग की है। वहीं नियमितकरण व सातवां वेतन का लाभ न मिलने के विरोध स्वरूप प्रदेश के डेढ़ लाख अनियमित कर्मचारियों ने राखी त्यौहार नहीं मनाया। वेतन न मिलने के कारण प्रदेश के 7.50 लाख सरकारी कर्मचारियों की राखी भी फीकी रही। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा है कि अनियमित कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मांग भी की थी कि राखी से पहले नियमितकरण एवं सातवें वेतनमान के लाभ की सौगात दी जाए।

### मकसद- जीएसटी बिल मांगने को बढावा देना

## दो सौ की खरीद पर 1 करोड़ का ईनाम देगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कल से नया महीना शुरू हो रहा है,आज अगस्त विदा ले रहा है। वहीं केंद्र सरकार मेरा बिल मेरा अधिकार नाम से एक गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स स्कीम लॉन्च करने का फैसला किया है। स्कीम के जरिए सिर्फ 200 रुपये की खरीदारी करके एक करोड़ रुपये तक के कैश प्राइस जीतने का मौका मिलेगा। केंद्र सरकार इस स्कीम को राज्य सरकारों के सहयोग से लॉन्च कर रही है। इसमें दो सौ रुपये या उससे अधिक के किसी भी तरह चालान को अपलोड करना होगा। सरकार इस स्कीम को इसलिए शुरू कर रही है, ताकी हर खरीद के लिए तरह बिल मांगने के चलन को बढ़ावा दिया जा सके। एक सितंबर को इस स्कीम को फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में असम, गुजरात हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेशों में पुड्डुचेरी, दादर नगर हवेली और दमन दीव में लॉन्च किया जाएगा।



**कैसे अपलोड करना होगा बिल ?:** जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस स्कीम को लॉन्च किया जा रहा है वहां के ग्राहकों को इनवॉयस को अपलोड करने के लिए Web.merebill.gst.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध 'मेरा बिल मेरा अधिकार' पर जाना होगा।हालांकि, चालान को अपलोड करने के लिए सरकार ने लिमिट भी तय की है। ग्राहकों को सप्लायर्स का GSTIN, चालान नंबर, चालान की तारीख, चालान की वैल्यू और ग्राहक के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जैसी डिटेल्स मुहैया कराना होगा।

## बाजार खुलते ही अडानी को जोर का झटका

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश के बड़े व चर्चित अडानी ग्रुप के सभी शेयरों में आज गिरावट से बाजार में हलचल है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अडानी ग्रुप ने गुपचुप तरीके से खुद अपने शेयर खरीदकर स्टॉक एक्सचेंज में लाखों डॉलर का निवेश किया। हालांकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया है लेकिन इस कारण अडानी ग्रुप के शेयर आज बाजार खुलते ही धराशाई हो गए। जानकारी के मुताबिक अडानी ग्रुप की सभी दस लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बुधवार को 2513.60 रुपये पर बंद हुआ था और आज गिरावट के साथ 2453.65 रुपये पर खुला। अडानी विल्मर, अडानी टोटल गैस, अडानी पावर, अडानी ट्रांसमिशन, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एनडीटीवी, अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी के शेयरों में भी गिरावट देखी जा रही है। अडानी पावर, अडानी पावर सॉल्यूशंस और अडानी ग्रीन के शेयरों में तीन फीसदी गिरावट आई है।



**मेट्रो एंकर**

### इंडिया के 28 दलों का तीसरा जमावड़ा मुंबई में

# हसरतों व रिवायतों के बीच से निकलेगा एक नाम

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिये बने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक आज मुंबई में शुरू हो रही है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण फैसला गठबंधन के संयोजक को लेकर होने के आसार हैं। बैठक में कांग्रेस समेत करीब 28 दलों के नेता शामिल हो रहे हैं। बैठक से पहले शरद पवार के रुख को लेकर सस्पेंस बना हुआ है क्योंकि वे बीते कुछ दिनों से अपने बागी भतीजे व भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार से लगातार मिल रहे हैं।

इस बीच इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर दो दिन से चल रही चर्चाओं के बीच आज बिहार के डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'सांप्रदायिक ताकतों से लड़ने के लिए सभी दल साथ आए हैं। देश की जनता यही गठबंधन चाहती थी। हर कोई जानता है कि पीएम चुनने की प्रक्रिया क्या होती है। जो सांसद चुने जाएंगे, वो ही पीएम का चयन करेंगे। यह ऐसा प्रधानमंत्री होगा, जो पीएम मोदी से ज्यादा ईमानदार और लोगों के प्रति वफादार होगा।' बैठक के पहले एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, दो दिन चलने वाली I.N.D.I.A. की बैठक में देशभर के 28 दलों के 63 प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह गठबंधन एक वैकल्पिक मंच के रूप में उभरेगा और देश में परिवर्तन लाने में कामयाब होगा।



फाइल फोटो

**भाजपा ने किया तंज:** मुंबई में विपक्ष के 28 दलों के गठबंधन 'I.N.D.I.A' की तीसरी बैठक पर बीजेपी ने दिल्ली से तंज की मिसाइल छोड़ी है। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने विपक्ष के मंथन को परिवारवाद और भ्रष्टाचार से जोड़ा। पात्रा ने कहा कि इन सभी 28 दलों ने मिलकर 20 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। इनका करप्शन विविध है। जल, थल, नभ, आकाश, मदिरा.. किसी को इन्होंने छोड़ा नहीं है। इन सभी दलों का मकसद कॉमन मैक्सिमम परिवारवाद है।

### गडकरी का नाम लिया तो...

वहीं शिवसेना सांसद व प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि 'इंडिया' में सभी दल अपने नेता को प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते है, यह स्वाभाविक है, मैं भी उद्धव ठाकरे का नाम लूंगी, लेकिन भाजपा में विचार व्यक्त करने की आजादी नहीं हैं,यदि किसी ने नितिन गडकरी का नाम पीएम के लिये ले लिया तो उसका कॅरियर भी खत्म हो जाएगा।

## धूमधाम से मनाया राखी पर्व



जेल में बंदियों को बहनों ने राखी बांधी।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी बहनों से राखी बधाई और उनको उपहार दिए।



**इधर,** बीसीएलएल बसों में निशुल्क किराया कर सौगात दी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में महिलाओं को मिठाई खिलाई एवं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं।

### बीना से इटारसी तक नयी लाइन, 26 किमी का काम बाकी

# तीसरी लाइन पर ट्रेनों को ग्रीन सिग्नल देने की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीना से भोपाल-आरकेएमपी होकर इटारसी तक बन रही तीसरी रेल लाइन पर ट्रेनें दौड़ने में अब बमुश्किल तीन महीने का वक्त है। माना जा रहा है कि दिसंबर तक पूरी लाइन पर ट्रेनें दौडगी। करीब 26.5 किमी के घाट सेक्शन का काम अभी बाकी है जो अक्टूबर अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद बीना से इटारसी तक कुल 233 किमी के लंबे सेक्शन में पूरी तीसरी रेल लाइन पर ट्रेनों के चलने का रास्ता साफ होगा। बताया जाता है कि ट्रेक शुरू होने के बाद पश्चिम-मध्य रेल जोन ग्रांट ट्रंक (जीटी) रूट पर इतने लंबे सेक्शन में तीसरी रेलवे लाइन शुरू करने वाला देश का पहला जोन बन जाएगा। जानकारी के मुताबिक हाल में जोन के जीएम सुधीर कुमार गुप्ता ने भोपाल में हुई सांसदों की मीटिंग के दौरान तीसरी रेल लाइन के इस सेक्शन का काम अक्टूबर तक पूरा करने की डेडलाइन घोषित की है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम-मध्य रेलवे का भोपाल-इटारसी मार्ग भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण और व्यस्ततम सेक्शन है, जो मध्य भारत में पड़ता है और भारी मात्रा में यात्री और माल यातायात के काम आता है। रेल यातायात धारा उत्तर-दक्षिण के बीच दिल्ली-झांसी-बीना-भोपाल-इटारसी-नागपुर से चलती है। वहीं, बिहार, झारखंड और यूपी से गुजरात जाने वाला पूर्व-पश्चिम यातायात इलाहाबाद, जबलपुर, इटारसी, भोपाल और नागदा से होकर जाता है। तीसरी रेल लाइन को 25 टन लोडिंग स्टैंडर्ड और 85 किमी प्रति घंटे की स्पीड के लिहाज से डिजाइन किया गया है।



### वाइल्ड लाइफ बोर्ड के रडार पर प्रोजेक्ट

इस प्रोजेक्ट में रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी होने के कारण विभिन्न निर्माण कार्य के दौरान वाइल्ड लाइफ बोर्ड की सख्त शर्तों का पालन निर्माण की पहली जरूरी शते भी है। चूंकि यह क्षेत्र ईको सेंसिटिव जोन के अंतर्गत आता है इसलिए यहां का निर्माण कार्य काफी गंभीरतापूर्वक किया जा रहा है, ताकि वन्यजीवों का संतुलन बना रहे।

### 49 पुल और 10 सुरंग!

दरअसल, भोपाल-इटारसी सेक्शन पर तीसरी लाइन के अंतर्गत अब तक आरकेएमपी से बरखेड़ा 41.42 किमी का काम जनवरी 2021 में पूरा किया गया था इसके पहले पूर्व बुदनी- इटारसी 25 किमी का काम मार्च-2020 में पूरा किया जा चुका है। यह दोनों सेक्शन मैदानी क्षेत्र में आते हैं। अब बरखेड़ा-बुदनी के बीच 26.5 किमी लंबी रेल लाइन का काम अंतिम चरण में है। इस सेक्शन के सभी 13 प्रमुख पुल, सभी 49 छोटे पुल और सभी 7 सुरंगों का काम पूरा हो गया है। तीन सुरंगों में कार्य अंतिम चरण में है। इस रूट पर टनल की कुल लंबाई करीब डेढ सौ मीटर से लेकर 29सौ मीटर तक है।

### राज्य उपभोक्ता आयोग

# वाहन बेचने वाली कंपनी को देना होगा 45 हजार रुपये हर्जाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य उपभोक्ता आयोग में एक मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए बीमा कंपनी के बदले वाहन बेचने वाली कंपनी पर हर्जाना लगाया है। मामले में बीमा कंपनी ने आयोग में तर्क रखा कि इंजन के अंदर केन साफ्ट खराब हुआ है तो उसके लिए बीमा कंपनी जिम्मेदार नहीं है। कार के बाहरी टूटफूट को सुधरवाने में किए गए खर्च को उपभोक्ता को वहन कर दिया गया है। इंजन के अंदर को सुधरवाने में खर्च का वहन तो डीलर करेगी, लेकिन डीलर ने मना कर दिया था, जिस पर आयोग ने उक्त कंपनी को जिम्मेदार मानते हुए 45 हजार रुपये हर्जाना देने को कहा है। मामले में आयोग के सदस्य श्रीकांत पांडेय व सदस्य डीके श्रीवास्तव की बेच ने निर्णय सुनाया कि बीमा कंपनी नहीं, बल्कि डीलर को छह प्रतिशत ब्याज के साथ इंजन सुधरवाने में खर्च हुई राशि 44 हजार रुपये और मानसिक क्षतिपूर्ति राशि एक हजार रुपये देना होगा।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, इंदौर निवासी नितिन डाहासे ने जबलपुर मोटर्स और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी प्रालि के खिलाफ आयोग में अपील लगाई थी। उपभोक्ता ने 2012 में एक चार पहिया वाहन कार खरीदा, जिसका एक साल का बीमा भी कराया था। वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसे सुधरवाने में 34 हजार रुपये खर्च आया।बीमा कंपनी ने उतनी राशि का भुगतान कर दिया।इसके बाद भी वाहन ठीक नहीं हुआ। जब कार को उपभोक्ता ने दूसरे जगह दिखाया तो पता चला कि कार के इंजन का केम साफ्ट खराब हो गया, जिसे सुधरवाने में 44 हजार रुपये खर्च आया, जिसे बीमा कंपनी देने से इंकार कर दिया।

# शिक्षा के महत्व पर जागरुकता कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी महाविद्यालय के रसायन शास्त्र एवं औद्योगिक रसायन शास्त्र विभाग द्वारा विभागीय विस्तार गतिविधि का आयोजन किया।

सामुदायिक विकास केन्द्र क्रंमाक 887 बेहटा गांव वार्ड 04 में स्थानीय महिलाओं को विभाग के विद्यार्थियों द्वारा दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया गया। गतिविधि का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। भारतीय ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के महत्व को ब?ावा देने के लिये जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। शिक्षा समाज में सभी व्यक्तियों में समानता की भावना जगाती है। घर की महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है। अशिक्षा समाज एवं मानवता के हित में नहीं है। आम जन तक शिक्षा की लहर पहुंचानी चाहिए क्योंकि विकास तभी संभव है जब राष्ट्र शिक्षित हो।

इस अवसर पर क्षेत्र की स्थानीय महिलाएं, रसायन शास्त्र एवं औद्योगिक रसायन शास्त्र विभाग के छात्र- छात्राएं, सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैराथन में 500 बच्चों ने लिया हिस्सा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिन मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के 500 प्रतिभागियों ने छह किलोमीटर मैराथन दौड़ में भाग लिया। खेल दिवस पर संस्था प्रमुख सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में जीवन में शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्रीय निर्माण के निर्माण में योगदान की अपील की।

संस्था सचिव एसी साधवानी, संस्था के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व को रेखांकित किया और कहा कि हर विद्यार्थी को उनके जीवन से खेल के प्रति निष्ठा के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना भी अपने स्वभाव में उतारना चाहिए। विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह एवं उप.प्राचार्या आशा चंगलानी ने कहा कि खेल के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी अपना दायित्व बोध रखते हुए प्लॉस्टिक के गिलास एवं पॉलिथिन आदि हेतु डस्टबिन का प्रयोग करें।

**यह रहे विजेता :** दौड़ में प्रथम समीर सिद्दकी, दूसरा सौरांश यादव, तृतीय तन्मय सोनकर रहे। शेष प्रतिभागी कृष्ण कुमार मोहित चंदनानी, आशीष धाकड़, मोक्ष छुगानी, प्रियांक सिंह गुर्जर, हितेश टिलवानी एवं वंश हेमनानी को सांत्वना पुरस्कार मिले।



## नवनिध में खेल प्रतियोगिताएं हुईं

**हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं की प्रस्तुति दी। साथ ही डंबल पीटी, प्रज्ञायोग, स्क्वायर मार्शल आर्ट द्वारा शारीरिक कौशल आत्मरक्षा आत्मविश्वास एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने शटल दौड़, पैरों वाली दौड़, सर्किट ट्रेंनिंग व बाधा दौड़ एवं 50 मीटर की रिले रेस में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी पदाधिकारी, प्राचार्या अमृता मोटवानी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। खेल प्रतियोगिताएं सदनवार आयोजित की गईं। खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय को मिला

# नेत्र सेवा सम्मान सिलीगुड़ी अस्पताल को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट ने गुणवत्ता पूर्ण नेत्र सुरक्षा सेवाओं के क्षेत्र में नवाचारी प्रयोगों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने पर देश के नेत्र चिकित्सा संस्थानों को हर साल सम्मानित करने का निर्णय लिया है । इसके लिए 'संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान' की स्थापना की गई है । वर्ष 2023 का प्रथम संत हिरदाराम नेत्र सेवा सम्मान पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय को दिया गया है ।

आईएनजीओ विजन 2020 राईट टु साइट इण्डिया के अध्यक्ष आर एन मोहन्ती, सीईओ डॉ. फणिन्द्र बाबू नुकेला ने यह सम्मान सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ. राजेश सैनी को प्रदान किया । इस हेतु सम्मान समारोह नीमच स्थित गोमाबाई नेत्रालय में आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में गोमाबाई नेत्रालय के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सेसनेचि के प्रबंधन ट्रस्टी एल. सी. जनियानी और कन्सल्टेन्ट कर्नल डॉ. मदन देशपाण्डे विशेष रूप से उपस्थित थे । सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा यह सम्मान, गुणवत्ता पूर्ण नेत्र सुरक्षा सेवाओं के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान, लागत अनुकूलन हेतु नवाचारी प्रयोगों और प्रक्रियाओं को अपनाते हुए अंधत्व नियंत्रण में योगदान देने वाली संस्थाओं को प्रतिवर्ष दिया जायेगा । सम्मान के लिये एक लाख एक हजार रूपये की राशि तय की गई है। इस अवसर पर सिलीगुड़ी वृहत्तर लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ. राजेश सैनी ने कहा कि उनका नेत्र चिकित्सा संस्थान गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं देने हेतु कृत संकल्पित है । उनके अस्पताल को यह सम्मान सामूहिक प्रयासों और दूरदृष्टि युक्त नेतृत्व के कारण मिलना संभव हो सका है ।



### हैप्पी सेवा ग्रुप ने पेन भेंट किए

# हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को हनुमान चालीस का पाठ का प्रारम्भ किया था। शाला परिवार ने विद्यार्थियों के साथ चालीसा पाठ किया।

हैप्पी सेवा ग्रुप के श्याम बालचंदानी, राजा ईसरानी, मनोज जनयानी, भरत धनवानी, कमल वाधवानी, अमित बिनवानी, चन्दर असवानी, हीरो खुशलानी ने चालीसा का पाठ करने वाले विद्यार्थियों को पेन भेंट किए। संस्था के सचिव बसंत चेलानी अतिथियों का स्वागत किया। भरत धनवानी ने कहा कि हमारा ग्रुप एम.पी. सेवा ग्रुप के नाम से सेवा का कार्य करता है। जहां भी हम जाते हैं मंदिरों में कीर्तन करते है एवं गरीबों की सेवा तथा उनकी मदद भी करते हैं। यहां हनुमान चालीसा देखकर एवं सुनकर हमें बहुत हर्ष हो रहा है कि हमारे बच्चे सनातन संस्कृति से जुड़े रहे हैं यह बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है। । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचायर्चा मृदुला गौतम, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर**

### सादगी से पर्व मनाने का संकल्प, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

# भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में रक्षाबंधन पर विद्यार्थियों के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया। पर्व का महत्व बताया गया। अतिथियों को छात्राओं ने रक्षा सूत्र बांधे और पर्व को सादगी से मनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत परपंरागत तरीके से हुई। शिक्षाविद विष्णु गेहानी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम की शुरूआत की। गेहानी कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम रखने का यही उद्देश्य है कि विद्यार्थी अपने संस्कारों को कभी न भूलें, देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे और आज के दिन यह संकल्प लें कि पढ़ाई करके अच्छे इंसान बनें। सादगी से पर्व को मनाने की सीख दी। संस्कार स्कूल के अध्यक्ष बसंत चेलानी ने पर्व के महत्व को बताया। बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने कहा कि पेड़-पौधे की रक्षा का संकल्प भी पर्व से जोड़े और उन्हे रक्षा सूत्र बांधे। प्राचार्या सुतापा जायसवाल ने भी अपने विचार रखे। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन भावना कलवानी एवं आभार उपप्राचार्या स्वाति कलवानी ने किया।



### नवयुवक सभा में प्रतियोगिताएं

नवयुवक सभा द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं में रक्षाबंधन पर मटकी डेकोरेशन, राखी मेकिंग, थाली डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव सुरेश राजपाल प्राचार्या ज्योति चौहान प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### राखी बनाओ प्रतियोगिता

लाइफ लाइन स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बनाई राखियां ही भाई की कलाई पर सजाने की बात बहनों ने कही। प्रतियोगिता में रियांशी मेहर, श्रेया मालवीय, पीहू नगर, मोहित चावरिया, कुलदीप प्रजापति, अंश राठौर, चिंकी अहिरवार, खुशबू तलरेजा, पूनम भगेल अव्वल रहे, विजेताओं को प्राचार्य किरण वाधवानी ने पुरस्कृत किया

# चांदगढ़ कुटी में 25 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा मंगल भवन

## मुख्यमंत्री चौहान को लाड़ली बहनों ने राखी और श्रीफल देकर दिया शुभाशीष

**देश के प्रख्यात संत हीरापुर वाले महाराज इन दिनों नर्मदापुर जिले की सिवनीमालवा के शिवपुर में नर्मदा तट स्थित चांदबढ़ कुटी में चौमासा कर रहे हैं। जिनके दर्शनों के लिये लोगों की भीड़ भी उमड़ रही है। रक्षा बंधन के त्यौहार पर बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने परिवार के साथ अचानक शिवपुर स्थित चांदगढ़ कुटी पहुंचें और उन्होंने हीरापुर वाले महाराज से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री चौहान ने भगवान शिव, मां नर्मदा, मां राजराजेश्वरी देवी और श्रीगणेश जी की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।**



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी चुनाव को लेकर काफी व्यस्त हैं। वे प्रदेश भर में विकास पर्व के अंतर्गत कई कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही अनेक सम्मेलन आयोजित कर प्रदेश वासियों को सौगात दे रहे हैं। इन सबके बीच समय निकालकर रक्षाबंधन के दिन सीएम अपने निजी दौरे पर रहे। सीएम पत्नी साधना सिंह और पुत्र कार्तिकेय के साथ शिवपुर स्थित चांदबढ़ कुटी में हीरापुर वाले महाराज के दर्शन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री परिवार सहित सिवनीमालवा स्थित कुसुम कॉलेज के ग्राउंड में हेलीकॉप्टर से पहुंचे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से शिवपुर स्थित चांदगढ़ कुटी में हीरापुर वाले महाराज के दर्शन के लिए निकले। यह उनका निजी दौरा माना जा रहा है। बता दें कि हीरापुर वाले महाराज इन दिनों चांदगढ़ कुटी में चौमासा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनका आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धता की कामना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिये भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पूव राजस्व मंत्री रामपाल सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नेता मौजूद रहे।

### सीएम ने चांदगढ़ कुटी में महाराज से लिया आशीर्वाद

इस दौरान मुख्यमंत्री चौहान ने क्षेत्र वासियों के सुझाव पर चांदगढ़ कुटी में मंगल भवन बनाए जाने के लिए 25 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ग्रामवासियों से भी मिले। लाड़ली बहनाओं ने अपने भैया शिवराज सिंह चौहान को भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर राखियां बांधीं। लाडली बहनें अपने बीच भैया शिवराज सिंह चौहान को पाकर बहुत खुश हो गईं। बहनों ने मुख्यमंत्री चौहान को राखी और श्रीफल देकर शुभाशीष दिया।

## लोकतंत्र का रक्षा सूत्र : विशाल राखी में मतदाता जागरूकता का संदेश ...



**नर्मदापुरम।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में निरतंर जागरूकता अभियान जारी है जिसके तहत मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग, नगरपालिका नर्मदापुरम व अन्य संगठनों द्वारा अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

नर्मदा तट, महाविद्यालयों तथा स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। नर्मदा तट के सेठानी घाट पर विशाल राखी बना कर लोकतंत्र का रक्षा सूत्र का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत ,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया सहित नगरपालिका के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। स्कूलों व महाविद्यालयों में भी रांगोली, चित्रकला, मेहंदी, निबंध प्रतियोगिताओं के साथ ही रैलियों के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी युवक युवितयों एवं सभी महिलाओं से अपना नाम मतदाता सूची में 31 अगस्त तक जुड़वाने का आव्हान किया है। इसी तरह ग्रामीण अंचलों में किसान पाठशाला के आयोजन के तहत जानकारी दी गई कि आगामी निर्वाचन हेतु मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए मतदाताओं के नाम जुड़ रहे हैं। इसके लिए नाम जुड़वाने वाले युवक युवितयों को अपने मतदान केंद्र के समीप जाकर वहां बीएलओ के पास फार्म भर कर नामांकन किया जा सकता है। देखा जा रहा है कि अनेक नए मतदाता अपना नाम जुड़वाने के लिए उत्सुक भी हैं। अनेक मतदान केंद्रों पर नाम जुड़वाने वाले पहुंच रहे हैं। उन्हें 31 अगस्त तक नाम जुड़वाने का अवसर मिल रहा है।

## स्वर्णकार समाज का आज भुजरिया मिलन समारोह



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

स्वर्णकार समाज सामूहिक भुजरिया मिलन कार्यक्रम आज शाम आयोजित करेगा। यह विचार स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष विकास सोनी ने व्यक्त किया स्वर्णकार समाज की बैठक मे विकास सोनी के निवास पर आयोजित हुई। इसमें प्रति वर्ष की भांति सामूहिक रूप से भुजरिया मिलन कार्यक्रम एक ही स्थान पर आयोजित करेंगे और प्रेम और सौहार्द का पर्व कजलिया सामूहिक रूप से आयोजित कर एक दूसरे को भुजरिया देकर गले लगाने और भाईचारे के भाव से सोहर और संगठित होने का संदेश समाज को देंगे मीटिंग में समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोनी पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज सोनी नगर अध्यक्ष विकास सोनी नगर सचिव जय नारायण सोनी नगर कोषाध्यक्ष दीपक सोनी नगर सहसचिव आदित्य सोनी एवं समाज के बंधु उपस्थित थे।

## न्यास कॉलोनी के पार्क में चंद्रयान-3 का मॉडल बनाएगी नगर पालिका

### अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद सभापति ने किया भूमिपूजन

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुकरण करते हुए क्षेत्रीय विधायक व पूर्व विधानसभा अध्?यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा ने स्?पेस विज्ञान को बढावा देने इटारसी में चंद्रयान 3 का मॉडल बनाने की घोषणा की है, घोषणा के साथ ही इस कार्य का भूमिपूजन नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे ने किया। न्यास कॉलोनी स्थित नवनिर्मित पार्क में चंद्रयान 3 का मॉडल, उसकी पूरी यात्रा को दिवारों पर उकेरा जाएगा। इस पार्क का नाम शिवशक्ति चौपाल होगा।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद व सभापति अमृता मनीष ठाकुर, सभापति राकेश जाधव, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री राहुल चौरे सहित अन्?य मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह ठाकुर ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने



विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की मंशा पर पार्क में चंद्रयान 3 के मॉडल व उसकी यात्रा को दीवार पर चित्र के माध्यम से दर्शाने का निर्णय लिया है।

**बहनों ने किया भूमिपूजन:** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां आगामी योजनाओं का भूमिपूजन लाडली बहनों से कराया। नपाध्यक्ष अभी लगातार लाडली बहनों से नपा के कार्यक्रमों के भूमिपूजन करा रहे हैं।

## शिवपुर पुलिस ने दो आरोपियों से किया 4 किलो गांजा जब्त



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

आरोपी दुर्गेश केंद्रीय खुली जेल का आरोपी है जो सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक जेल के बाहर रहता था। मुखबिर की सूचना पर शिवपुर पुलिस ने अवैध गांजा ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस सबंध में शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक युवक गांजा लेकर जा रहा है।उसी सूचना पर युवक की तलाश की इस दौरान गांजा ले जा रहे दुर्गेश पिता मोहन प्रजापति 34 साल निवासी नंदरवाड़ा रोड सिवनी मालवा और बबलू उर्फ महेश पिता नरेंद्र केवट उम्र 36 साल निवासी बालाजी मंदिर को पकड़ कर तलासी में दोनो आरोपियों से 4 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया। आरोपी दुर्गेश केंद्रीय खुली जेल का बंदी है जो सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक बाहर रहता है दूसरा आरोपी बबलू कुछ ही समय पहले जेल से रिहा होकर आया है दोनो की जेल से ही पहचान है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सहयोग थाना प्रभारी विवेक यादव, सउनि अमर सिंह मालवीय, स उ नि आशीष तिलोरिया, प्र. आर. राजेश, आर. महेंद्र गुर्जर, नरेंद्र राजपूत, अमर तंवर, सचिन शर्मा, अजय गौर का रहा है।

## क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के मोनू बने अध्यक्ष



**सिवनी मालवा।** क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन ब्लॉक सिवनी मालवा में संगठन का विस्तार कर नगर अध्यक्ष के रूप मे मानसिंह ठाकुर उर्फ मोनू ठाकुर को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर सिंह राजपूत, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ब्रजमोहन पटेल, प्रदेश प्रवक्ता संतोष नगर, जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह सोलंकी, आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मदनलाल उईके, इटारसी तहसील अध्यक्ष बृजेश चौरे उर्फ राजा भैया, सिवनी मालवा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल,ब्लॉक उपाध्यक्ष सुधीर गोर, ब्लॉक संयोजक अर्जुन पटेल, ब्लॉक सहसंयोजक एवं मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

मेट्रो एंकर

## जनसमस्याओं का किया निराकरण

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की सुनी समस्याएं...

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। जनसुनवाई में कुल 84 आवेदन आए।

जनसुनवाई में पिपरिया के ग्राम नयागांव निवासी श्रीमती संतोष तिवारी ने कलेक्टर को बताया कि उनकी बेटी गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वे आर्थिक रूप से भी बहुत कमजोर है। जिस पर कलेक्टर ने मौके पर आवेदक महिला को रेड क्रॉस मद से 5000 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की। राशि का चेक भी श्रीमती संतोष तिवारी को दिया गया। माखननगर निवासी लक्ष्मण लोबे ने बताया कि मकान में आग लग जाने के कारण हुई हानि का उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला है। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार माखननगर को जांच के निर्देश दिए। तहसीलदार माखन नगर ने बताया कि आवेदक को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता आरबीसी 6 (4) के तहत स्वीकृत की गई है। आवंटन उपरांत तत्काल आवेदक को राशि अंतरित की जाएगी।इसी प्रकार कलेक्टर ने अन्य आवेदनों का भी समाधान किया जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह,एसडीएम नर्मदापुरम आशीष कुमार पांडे, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रह।









### बारिश नहीं होने के चलते बढ़ा संक्रमण



# मौसमी बीमारियों नें पसारे पैर अस्पतालों में उमड़ रही भीड़

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**इन दिनों बारिष न होने के चलते मौसमी बीमारियों ने अपने पैर पसारने लग गये है । नगर में उल्टी दस्तों सर्दी खांसी बुखार ने पेर पसार रखे है निजी क्लेनिको व नर्सिंग होमो में इन सभी बीमारियों के मरीज देखने को मिल रहे है। कारण साफ है नगर में जल सप्लाई तों हो रही है। यह कोई देखने वाला नही है कि पानी साफ आ रहा है या नही पानी मटमेले की शिकायत सबसे अधिक आ रही है।**

नगर में खाघय विभाग द्धारा दुकानो की जांच भी नही की जा रही है सढे गले फ्ल सब्जियां दुकानों पर बेची जा रही है कारण साफहै न तों नपा इस और ध्यान दे रही है और न ही खाघय विभाग इस और ध्यान दे रहा है जिससे नगर में धडल्ले से सढी गली सब्जियां एवं फ्ल बेचे जा रहे है । वही देखा जाए कि बारिष भी नही हो रही है कभी हल्की बूंदाबांदी होती है तों कभी तेज 10 बीस मिनट की बारिष होती है और तेज धूप के साथ गर्मी अपने तेवर बराबर दिखा रही है। इससे मौसमी परिवर्तन के चलते बिमारियों ने अपने पैर पसार रखे हैं । नगर एवं आसपास भी बारिष नही हो रही है व किसानों को चिंता के बादल सता रहे है और किसान अच्छी बारिष की आस लगाऐं हुए बैठा है।

## आवारा कुत्ते कर रहे लोगों पर झुंड बनाकर हमला



**सिरोंज ।** नगर मे आवारा कुत्तो का आतंक दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है चौराहो से लेकर गली गली मे आवारा कुत्ते निरंतर उत्पाद मचा रहे है और राहगीर सहित रहवासियो को वह अपना षिकार बना रहे है । विगत दिनो मे नगर के कई वार्डो मे कुत्तो का जिस तरह से आतंक चल रहा है उससे लोगो मे डर का माहौल बन गया है । वही नगर के कई वार्डो मे कुत्तों की आबादी काफी तादात मेब ड गई है कई बार इसकी षिकायत नगर पालिका मे की गई मगर नपा ने इस और ध्यान नही दिया गया है जिससे आये दिन कुत्तो की काटने की खबर सामने आ रही है ।

## क्षय रोगी को सभी शासकीय अस्पतालों में फ्री मिलेगा उपचार

**सीहोर ।** स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है।

**500 रुपए पोषण के लिए दिए जाएंगे**

व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

# चोरी के शक में गांव वालों ने लड़के को किया पुलिस हवाले

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

दीपना खेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम चाठोली के ग्रामीणों ने एक लड़के को चोरी के साथ में या लूट की शंका में पड़कर पुलिस के हवाले किया है उक्त घटनाक्रम की जांच दीपना खेड़ा थाना प्रभारी के द्वारा एसडीओपी के निर्देशन में की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात 10:30 बजे सिरोंज से चाटोली की और जा रहे दो युवकों से रास्ते में महाराष्ट्र के रहने वाले दो युवकों ने मारपीट की और गाड़ी छीनने की कोशिश की इतने में ही गाड़ी पर सवार एक युवक ने पास के गांव में फोन लगा दिया जिससे गांव के लोग आ गए एक युवक फरार हो गया एक को पकड़कर गांव वाले गांव ले गए फिर दीपनाखेड़ा पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटना की

**पुलिस जुटी जांच में, साथी को भी पकड़ा**



जानकारी लगते ही पूरे मामले की छानबीन करवा रहे हैं जिस युवक को गांव वालों ने पुलिस के हवाले किया है उसकी बहन के यहां पर आ रहा था एक मंडी बामोरा का बदमाश का व्यक्ति उसको अपने साथ लेकर आया है। वहां पहले गायब हो गया था उसको भी पुलिस ने पकड़ लिया है। घटनाक्रम की हम जांच कर रहे हैं दोनों को हमने हिरयासत में लिया है सच्चाई सामने आने के बाद पूरे मामले का खुलासा करेंगे पुलिस लगी हुई है।

# जनसुनवाई में किया लोगों की समस्याओं का निराकरण

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जो आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, अतिक्रमण तथा विद्युत समस्या से संबंधित थे। जनसुनवाई में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस के प्रदेश सचिव रघुवंशी की मां का निधन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार को कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी की माता जी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया जिसकी खबर लगते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शोक संवेदना है व्यक्त व्यक्त करने के लिए पहुंचे।साथ ही शोक सभा भी हुई सुरेंद्र रघुवंशी के दादाजी मंगल सिंह यहां से विधायक रहे उनके पिताजी जालम सिंह की पत्नी का निधन होने से एक बड़ी छती भी क्षेत्र को हुई है। श्री रघुवंशी मिलनसार तथा हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलते हैं ।

# सीहोर जिला जेल में बहनों ने बांधी भाइयों को राखी

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अमिताभ मिश्र के निर्देश पर विशेष न्यायाधीश श्री सुरेश सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार दांगी ने जिला जेल सीहोर में बंदियों के साथ रक्षाबंधन मनाया।

इस अवसर पर महिला बंदियो, महिला पैरालीगल वालेन्टियर्स, महिला अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स एवं गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा बंदी भाईयों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। साथ ही बंदियों के लिए सांस्कृतिक एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सुरेश सिंह एवं मुकेश कुमार दांगी द्वारा महिला बंदियों से भी राखी बंधवाई गई। न्यायाधीशों की उपस्थिति में जेल में आकर अपने भाईयों को बहनों ने राखी बांधी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ज्योति तिवारी उपस्थित थी। साथ ही रक्षाबंधन अवसर पर भाई-बहन के प्रेम सम्बंधी गानें संगीत पार्टी के कलाकारों ने सुनाए।

विशेष न्यायाधीश सुरेश सिंह द्वारा व्यक्त किया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को घर जैसा वातावरण का अनुभव करवाना है और वह मुख्य धारा में लौट सकें। श्री सिंह ने यह भी कहा कि बंदियों के अधिकारों की रक्षा करना न्यायाधीश का कर्तव्य है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार दांगी द्वारा बताया गया कि जेल में यह त्यौहार मनाने का उद्देश्य यह है कि उन बंदियों की कलाई भी इस पावन पर्व पर सुनी न रहे, जिनकी बहनें जेल में आकर राखी बांधने में असमर्थ है अथवा नहीं आ पाई है।



## सर्प विशेषज्ञ परवेज को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज में निकले नाग नागिन सिर्फस्पेशलिस्ट परवेज मियां ने दोनों को पकड़ा जानकारी के अनुसार आज शाम को वार्ड नंबर 21 में मदन सिंह लगभग 5 फीट का नाग निकला और वार्ड क्रमांक 20 दांगी पुर मोहल्ले में एक नागिन रघुनाथ सिंह अहिरवार के घर में लगभग 4 फीट लंबी नागिन निकाली बड़ी मेहनत के बाद नागिन को पकड़ा गया दोनों स्थानों पर नाग नागिन निकलने से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल था जब नाग नागिन पकड़े गए तब घर के और पड़ोसियों ने राहत की सांस ली दोनों ही बालों के निवासियों ने इनको शासकीय नौकरी वन विभाग या नगर पालिका में देने की मांग की है।

# सीहोर में आठ सितंबर तक साक्षरता गतिविधियां होंगी

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

जिले में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर भारत शासन द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत एक सितम्बर से 08 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह के रूप मनाया जायेगा। साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जारी गतिविधियों के कैलेण्डर अनुसार निर्धारित तिथियों में समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आज विद्यालयों, महाविद्यालयों के छात्र - छात्राओं को संक्षिप्त में साक्षरता के महत्व को समझाते हुए उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में परिचय कराना एवं साक्षरता सप्ताह की गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करना तथा प्रत्येक दिन की गतिविधि में सहभागिता कराना। दो सितंबर को रैलियों का आयोजन विद्यालय, महाविद्यालय नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद के छात्र छात्राओं एवं अक्षर साथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि के सहयोग से रैलियों का आयोजन। गांव के प्रत्येक घर के सर्वे की कार्ययोजना बनाकर छात्र छात्राओं को सर्वे प्रपत्र का प्रारूप कॉपी में नोट कराना है।

इसी प्रकार 3 सितंबर को सर्वे कार्य, सर्वे के दौरान यदि किसी घर में सभी सदस्य साक्षर हो तो वैद्य प्रमाण-पत्र देखकर अनिवार्य रूप से पुष्टि करें। साक्षर होने की स्थिति में घर के बाहर ÷संपूर्ण साक्षर परिवार लिखा जाए। अक्षर साथियों के घर की बाहरी दीवार पर ÷अक्षर साथी निवास लिखा जाए। प्रत्येक शिक्षक की जवाबदारी होगी कि वे छात्र छात्राओं के द्वारा अपने घर के साथ-साथ पड़ोस के कम से कम 03 घरों की निर्धारित प्रपत्र में जानकारी लाना प्रोजेक्ट के रूप में करने के निर्देश दिए गए हैं। चार सितंबर को साक्षरता पंजी का अद्यतन एवं पठन-पाठन, सर्वे के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा लाए गये निर्धारित प्रपत्रों को सामाजिक चेतना केन्द्र के साक्षरता पंजी से अद्यतन किया जाए।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा के रोजगार आवेदन आमंत्रित

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत मत्स्य पालन से जुडे कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। इस संबंध में सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने विभाग के मत्स्य निरीक्षकों को निर्देश जारी का कहा है कि योजना के क्रियान्वयन के लिए जिले में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें। और योजना का अपने प्रभार के विकासखण्डों में आवेदन प्राप्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करें। आवेदनकर्ताओं को यह भी सूचित करें की जिला स्तर की समिति के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात ही इसे अंतिम रूप दिया जावेगा। भारत सरकार के मात्स्यिकी विभाग के लिये योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना क्रियान्वित कि जा रहीं है। योजना का मुख्य ध्येय मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को कम करना, मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण, मजबूत मत्स्य पालन-प्रबंधन ढांचा की स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण, जिससे मछुआरों एवं मत्स्य कृषकों की आय दोगुनी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि योजना के अन्तर्गत मत्स्य बीज उत्पादन के लिए नए मत्स्य हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्य बीज संवर्धन के लिए रियरिंग पोखर, तालाब का निर्माण, नवीन तालाब का निर्माण, मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन इनपुट्स की व्यवस्था होगी।

**मेट्रो एंकर** — निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान हेतु सुविधाओं की दी जानकारी

# कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से किया संवाद

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

रायसेन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित महात्मा गॉधी वृद्धाश्रम पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से व्यवस्थाओं, सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही वृद्धजनों को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए आगामी निर्वाचन में मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। सभी ने वृद्धजनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए वस्त्र और मिठाई भेंट की।

कलेक्टर श्री दुबे ने वृद्धजनों से चर्चा के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वृद्धजन बिना किसी परेशानी के चुनावों में मतदान कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्धजनों को घर पर ही मतदान करने की सुविधा भी दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे वृद्धजन जो मतदान केन्द्र तक जाने में असमर्थ है या चल फिर नहीं सकते, ऐसे वृद्धजन अपने घर पर ही अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय रहती है। इसके अलावा यदि वृद्धजन मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करना चाहते हैं तो उन्हें वाहन के माध्यम से घर से मतदान केन्द्र तक लाने और मतदान के बाद वापस घर तक छो?ने की सुविधा प्रदान की जाती है। मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं रहती हैं। कलेक्टर दुबे द्वारा वृद्धजनों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या रायसेन की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है। इस पर श्रीमती पारोबाई, श्रीमती उर्मिला बाई, श्री राम सिंह तथा श्री बालमुकंद ने बताया कि उनके नाम यहां की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। इसके उपरांत कलेक्टर श्री दुबे ने फोन कर संबंधित कर्मचारी को वृद्धाश्रम बुलाया तथा स्वयं की उपस्थिति में वृद्धजनों के नाम मतदाता सूची में जो?ने हेतु मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन की कार्यवाही पूर्ण कराई। वृद्धाश्रम में निवासरत श्रीमती पारोबाई, श्रीमती उर्मिला बाई, श्रीमत बैनी बाई, श्रीमती गुलाब बाई, श्रीमती जसोदी बाई, श्रीमती भवरी बाई, श्री राम सिंह, श्री बालमुकुंद, श्री सुकलाल तथा श्री हरिप्रसाद के नाम मतदाता सूची में जो?ने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया।



# एशिया कप के रोमांच में भारत-पाक भिड़ंत के गणित


आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

एशिया कप 2023 का आगाज पाकिस्तान की टीम ने धमाकेदार जीत के साथ किया है। पाकिस्तान की टीम ने अपना दबंग खेल दिखाते हुए 238 रनों से बड़ी जीत दर्ज कर ली है। पाकिस्तान बनाम नेपाल वाला यह मुकाबला क्रिकेट के नजरिये से भले ही रोमांचक न रहा हो,लेकिन आज से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच से रोमांचक मैचों का सिलसिला शुरू होगा। इन दोनों टीमों के बीच भी पिछले कुछ मुकाबलों में जीत के जश्न में नागिन डांस की वजह से काफी दिलचस्प टकराव देखने को मिला है। वैसे तो नेपाल टीम के कुल दो मैच ही टूर्नामेंट में कम रोमांच वाले कहे जा सकते हैं, लेकिन 17 सितंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का असल रोमांच भारत-पाक टीमों के बीच होने वाली कई भिड़ंत ही रहने वाली है जिस पर सभी खेलप्रेमियों की निगाहें टिकी हुई हैं।एशिया कप में दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों का आमना सामना 2 बार तो लगभग तय है । वहीं अगर दोनों टीमें फाइनल मुकाबले में पहुंच जाती हैं तो फिर क्रिकेट के चाहने वालों को इस टूर्नामेंट में ही वर्ल्ड कप जैसा रोमांच देखने मिल जायेगा। वनडे वर्ल्ड कप की तर्ज पर होने वाले इस एशिया कप में टीम इंडिया, पाकिस्तान समेत श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल यानी कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। चूंकि टीम इंडिया,पाक और नेपाल टीम एक ही पूल में हैं और दो टीमें सुपर 4 के लिए क्वालीफाई करेंगी। ऐसे में नेपाल टीम से किसी तरह के चमत्कार की आस न के बराबर है।मतलब साफ है कि टीम इंडिया और पाक का सुपर4 का रास्ता फिलहाल आसान ही कहा जा सकता है।वहीं दूसरे पूल की 3 टीमें श्रीलंका, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में सुपर4 के लिए रोचक भिड़ंत रहेगी। इसके बाद सभी टीमें एक दूसरे से खेल कर अंकों के आधार पर फायनल में जगह हासिल कर पायेगी। बस यही वजह है कि खेलप्रेमियों को एशिया कप में 3 बार भारत-पाक मुकाबले की उम्मीद है। यह तो वक्त ही बताएगा कि ऐसा मुमकिन होता है कि नहीं। भले ही कागज पर मजबूत नजर आ रही दोनो टीमें बेहद ताकतवर दिख रही हैं, लेकिन सुपर-4 के 6 में से 5 मुकाबले श्रीलंका की सरजमीं पर खेले जाने है ऐसे में पिछली विजेता व घरेलू मैदान पर खेलने वाली श्रीलंका टीम भी उलटफेर करने का माद्दा रखती है,बशर्ते वो इस दौर में अपनी जगह बना ले। हालांकि श्रीलंका टीम अपने खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है,ऐसे में पूल मैचों की एक चूक उसको भारी पड़ सकती है।श्रीलंका टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पूल मैच पाकिस्तान में जाकर खेलना है। कुल मिलाकर अगर हम पूल मैचों की बात करें तो फिर थोड़ा बहुत टकराव इसी पूल में देखने को मिलने वाला है। 19 दिनों तक चलने वाले इस बार के एशिया कप में वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली 5 टीमें व नेपाल के बीच कुल 13 मैच खेले जाएंगे लेकिन अगर इस दौरान भारत -पाक के बीच 3 मैचों की सीरीज खेल प्रेमियों को देखने मिल जाती है तो फिर इसका रोमांच 15 दिनों बाद होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के रोमांच को दोगुना कर देगा। वैसे अगर हम एशिया कप की टीमों पर नजर डालें तब भी इन्ही दो टीमों की दावेदारी सबसे मजबूत नजर आती है। हालांकि श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमों में उलटफेर करने की काबलियत है लेकिन इस बार के एशिया कप में नॉक आउट पद्धति का एकमात्र मैच फायनल होना है ऐसे में बेहद मजबूत नजर आ रही टीम इंडिया और पाकिस्तान टीम को फायनल की दौड़ से बाहर करने के लिए एक से ज्यादा टीमों को उलटफेर करना पड़ेगा जिसकी आस बेहद कम नजर आ रही है। वैसे एशिया कप विजेता की सूची में टीम इंडिया( 7 ) के बाद श्रीलंका( 6 ) का नाम दर्ज है, जबकि पाक टीम मात्र 2 बार यह खिताब अपने नाम कर पायी है, लेकिन मौजूदा पाक टीम के फॉर्म की वजह से इस बार उसकी दावेदारी भी मजबूत दिख रही है। वहीं अगर हम टीम इंडिया की बात करें तो कागजों पर इससे मजबूत टीम का चयन संभव नहीं था। अब यह देखना रोचक रहेगा कि कागजी तौर पर मजबूत इस टीम इंडिया का मैदानी अंदाज कैसा रहता है। वैसे एक बात तय है कि एशिया कप में टीम इंडिया या फिर पाक टीम की सफलता ही भारतीय सरजमीं पर होने वाले वर्ल्ड कप में उसकी दावेदारी के मापदंड काफी हद तक तय करने वाले हैं। एक ओर जहां टीम इंडिया के वर्ल्ड कप की टीम चयन में एशिया कप की भूमिका अहम रहेगी, वहीं पाक टीम के लिए एशिया कप का प्रदर्शन उसके खिलाड़ियों की ताकत को परखने के लिहाज से रहने वाला है।क्योंकि एशिया कप की पाकिस्तान टीम का ही वर्ल्ड कप में चुना जाना लगभग तय है।यह देखना वाकई दिलचस्प रहेगा कि वर्ल्ड कप से ठीक पहले होने वाले इस एशिया कप में कौन सी टीम फतह हासिल करती है लेकिन एक बात तय है कि अगर इस टूर्नामेंट में भारत-पाक के बीच 3 भिड़ंत हो जाती है तो फिर विजेता टीम का मनोबल व दावेदारी वर्ल्ड कप के लिए एक्स्ट्रा टॉनिक का काम करेगी।

### भारतीय टीम श्रीलंका पहुंची, कोलंबो शहर के कैंडी में खेला जाएगा मैच

# एशिया कप: 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होगा मुकाबला

**कोलंबो, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप मैच पर बारिश का खतरा है। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार 31 अगस्त से 6 सितंबर तक कैंडी में बारिश हो सकती है। कैंडी में ही 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया श्रीलंका के कोलंबो शहर पहुंची है। भारत के ग्रुप स्टेज के दोनों मैचों में बारिश की संभावना है। 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा, इस दिन कैंडी शहर में 90 प्रतिशत बारिश हो सकती है। 4 सितंबर को टीम इंडिया नेपाल के खिलाफ ग्रुप स्टेज में अपना आखिरी मैच खेलेगी। इस दिन भी 90 प्रतिशत बारिश हो सकती है।




### मैच में ईशान किशन को पांचवें नंबर पर उतारने की तैयारी

एशिया कप के लिए टीम इंडिया बेंगलुरु से श्रीलंका के लिए पहुंच गई। इससे पहले टीम ने बेंगलुरु के अलूर में 5 दिन तक जमकर प्रैक्टिस की। इस दौरान पाकिस्तानी टीम को ध्यान में रखकर तैयारी की गई। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 2 सितंबर को है। टीम इंडिया के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय दल में शामिल केएल राहुल एशिया के शुरुआती लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रहकर ही रिहैब करेंगे। केएल राहुल इस साल मार्च-अप्रैल में चोटिल हो गए थे। तब से वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। फिलहाल बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं। ईशान ने अपने वनडे करियर में कभी भी नंबर-5 पर बैटिंग नहीं की। उन्होंने ओपनिंग और नंबर-4 तक ही बल्लेबाजी की है। ऐसे में अगर वे केएल राहुल की जगह खेलें तो उनके लिए नंबर-5 पर बैटिंग करना एक चैलेंज की तरह होगा। ईशान

### वेबसाइट एक्यूवेदर का अनुमान मैच के दौरान हो सकती है बारिश

श्रीलंका के कैंडी शहर में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच ग्रुप-बी का मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले में 50 प्रतिशत बारिश की संभावना है। एक सितंबर को कोई मैच नहीं होगा। 3 सितंबर को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि ये मैच लाहौर में होगा, जहां बारिश की कोई संभावना नहीं है। भारतीय टीम एशिया कप खेलने के लिए श्रीलंका के कोलंबो शहर पहुंची। टीम कोलंबो से कैंडी जाएगी। कैंडी में टीम के दोनों ग्रुप स्टेज मैच होंगे। भारतीय टीम एशिया कप स्क्वॉड में शामिल विकेटकीपर बैटर केएल राहुल के बिना पहुंची है। राहुल फिलहाल चोट से पूरी तरह उबरे नहीं हैं। वह ग्रुप स्टेज खत्म होने के बाद श्रीलंका जाएंगे। राहुल समेत भारतीय स्क्वॉड के सभी खिलाड़ियों ने श्रीलंका आने से पहले बेंगलुरु में प्रैक्टिस की। यहां टीम ने अलग-अलग गेम प्लान को ध्यान में रखते हुए तैयारी की। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा टीम बस में कोलंबो पहुंचे। उनकी यह तस्वीर एशियन क्रिकेट काउंसिल ने शेयर की। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा टीम बस में कोलंबो पहुंचे। उनकी तस्वीर एशियन क्रिकेट काउंसिल ने शेयर की। टीम ने बेंगलुरु के अलूर में 5 दिन तक जमकर प्रैक्टिस की। इस दौरान पाकिस्तानी टीम को ध्यान में रखकर तैयारी की गई। भारतीय टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने पहले दिन छोड़कर बाकी चारों दिन लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर शाहीन शाह अफरीदी और पाकिस्तानी पेसर्स को ध्यान में रखा। 6 टीमों का टूर्नामेंट 19 दिन तक चलेगा। कुल 13 मैच खेले जाएंगे। 17 सितंबर को कोलंबो में टूर्नामेंट का फाइनल होगा।

### बुमराह ने बॉलिंग की, फोकस पेस बॉलर पर रहा

टीम इंडिया के कैंप में एक्सीडेंट के बाद रिहैब कर रहे ऋषभ पंत खिलाड़ियों से मिलने के लिए आए। बुमराह ने नेट्स पर बॉलिंग की। बुमराह ने आयरलैंड दौरे पर तीन टी-20 मैचों की सीरीज से वापसी की और टीम की कप्तानी की। वे टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर भी रहे। चौथे दिन की शुरुआत रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने पेस के खिलाफ प्रैक्टिस कर की। पहले उन्होंने मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज का सामना किया।

### विश्व कप को पहला मुकाबला 7 अक्टूबर को होगा

# धर्मशाला में होने वाले भारत और न्यूजीलैंड मैच के टिकटों की बिक्री कल से शुरू होगी



**नईदिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी वनडे क्रिकेट विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के लिए एक सितंबर से टिकटों की बुकिंग शुरू हो जाएगी।

आईसीसी की ओर से जल्द ही विश्व कप के मैचों की टिकटों को बेचने के लिए टिकट सेल कंपनियों का चयन कर लिया गया है। देश के 10 मैदानों में होने वाले विश्व कप के मैचों के लिए आईसीसी ने टिकट सेल करने की तारीखें वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। धर्मशाला में विश्व कप को पहला मुकाबला 7 अक्टूबर को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। चैन्नई, दिल्ली और पुणे में भारतीय टीमों मैचों की टिकट बिक्री शुरू हो गुरुवार से शुरू होगी। एक सितंबर से धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई की टिकटें मिलेंगी। दो सितंबर से भारत के बैंगलुरू और कोलकाता मैच की टिकटें मिलेंगी। इसके अलावा तीन सितंबर से अहमदाबाद मैच की टिकटें मिलेंगी। 15 सितंबर से विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों की एडवांस बुकिंग शुरू होगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि आईसीसी ने वेबसाइट पर टिकटों की एडवांस टिकटों की बिक्री की तारीखें जारी कर दी हैं। धर्मशाला में भारतीय टीम के न्यूजीलैंड के साथ होने वाले मुकाबले की टिकटों की सेल एक सितंबर से होगी। जल्द ही आईसीसी की ओर टिकटों को सेल करने के लिए कंपनियों को चयन जल्द कर लिया जाएगा।

### भारत लौटे युवा चेस खिलाड़ी प्रगनानंद के स्वागत में उमड़ी भीड़, बोले-

# मैं इतनी संख्या में लोगों को देख बहुत खुश हूं...

**चेन्नई, एजेंसी**

भारत के युवा चेस खिलाड़ी रमेशबाबू प्रगनानंदा का चेन्नई पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्रगनानंदा ने चेन्नई पहुंचने के बाद कहा, मैं इतनी संख्या में लोगों को देखकर खुश हूं। यह चेस के लिए अच्छा संकेत है। प्रगनानंदा अजरबैजान के बाकू में हुए वर्ल्ड कप में रनर अप रहे थे। प्रगनानंदा ने चेन्नई एयरपोर्ट से अपने पैरेंट्स के साथ तमिलनाडु सीएम एम के स्टालिन और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन से मिले। फाइनल में उन्हें 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने टाईब्रेकर में 1.5-0.5 से हराया। टाईब्रेकर का पहला रैपिड गेम नॉर्वे के खिलाड़ी ने 47 मूव के बाद जीता था। दूसरा गेम ड्रॉ रहा और कार्लसन चैंपियन बन गए। इससे पहले, दोनों ने क्लासिकल राउंड के दोनों गेम ड्रॉ खेले थे। प्रगनानंदा अगर यह मुकाबला जीत जाते तो 21 साल बाद कोई भारतीय यह टाइटल जीतता। इससे पहले विश्वनाथन आनंद ने 2002 में इस चैंपियनशिप में जीत हासिल की थी। तब प्रगनानंदा पैदा भी नहीं हुए थे। बता दें प्रगनानंदा का जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ। उनके पिता स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में काम करते हैं।



### नोएडा ने कानपुर को 16 रन से हराया

**कानपुर, एजेंसी।** प्रदेश में पहली बार खेले जा रहे यूपी टी-20 लीग का आगाज ग्रीनपार्क में गुब्बारा उड़ा कर किया गया। नोएडा सुपर किंग्स टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 169 रन बनाए। कानपुर सुपरस्टार को 170 रनों का लक्ष्य दिया। बदले में कानपुर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट होकर 153 रन ही बना सकी।

नोएडा की तरफ से समर्थ सिंह ने 58 गेंद में 10 चौके और4 छक्कों की मदद से 91 रनों की पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच समर्थ सिंह को चुना गया। वहीं, चौके-छक्के लगने से पहले बॉलीवुड सेलिब्रिटी के रंगारंग कार्यक्रमों ने चार चांद लगा दिए।



## मेट्रो बाजार

# ब्लूचिप-फंड्स में कम रिस्क के साथ बेहतर रिटर्न भी साथ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अगर आप कम रिस्क के साथ म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहते हैं तो आपके लिए ब्लूचिप फंड में निवेश करना सही साबित हो सकता है। इसमें कम रिस्क के साथ अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना रहती है। बीते एक साल में ब्लूचिप फंड्स ने 23 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। ऐसे में अगर आप अपने निवेश पर एफडी से ज्यादा रिटर्न चाहते हैं तो ब्लूचिप फंड में निवेश कर सकते हैं। ये लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड ही हैं, हालांकि कुछ लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड ने अपने नाम के साथ ब्लूचिप भी जोड़ लिया है। जैसे एक्सिस ब्लूचिप फंड, आईसीआईसीआई प्रू ब्लूचिप फंड, एसबीआई ब्लूचिप फंड, कोटक ब्लूचिप फंड या फ्रैंकलिन ब्लूचिप फंड। ब्लूचिप म्यूचुअल फंड स्कीमों के लिए निवेशकों से जुटाई गई राशि का कम से कम 80 प्रतिशत टॉप 100 कंपनियों में निवेश करना जरूरी होता है। माना जाता कि इनके शेयरों में उतार चढ़ाव कम होता है, इसलिए इनमें पैसा लगाने पर नुकसान की संभवना, खासतौर पर लंबे समय में कम ही रहती है। ब्लूचिप कंपनी उन कंपनियों को कहते हैं कि जिनका आकार बहुत बड़ा होता है और जिनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। माना जाता कि इनके शेयरों में उतार चढ़ाव कम होता है, इसलिए इनमें पैसा लगाने पर नुकसान की संभवना, विशेषतौर पर लंबे समय में कम ही रहती है। ब्लूचिप फंड्स में उनको पैसा लगाने की सलाह दी जाती है, जो कम जोखिम के साथ शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं। इन स्कीम्स में कम से कम 3 से 5 साल के टाइम पीरियड को ध्यान में रख कर निवेश करना चाहिए।




### हर साल सितंबर में नए आईफोन लॉन्च करती है कंपनी



**कैलिफोर्निया।** टेक कंपनी एपल का साल का सबसे बड़ा लॉन्च इवेंट 12 सितंबर को होगा। कंपनी ने इस साल अपने इवेंट का नाम वंडरलस्ट रखा है, जो कैलिफोर्निया में एपल हेडक्वार्टर के स्टीव जॉब्स थिएटर में होगा। भारतीय समय के अनुसार, यह इवेंट रात 10.30 बजे शुरू होगा, जिसकी लाइव ऑनलाइन स्ट्रीमिंग होगी। एपल इस इवेंट में आईफोन 15 सीरीज के साथ एपल वॉच सीरीज 9 और एपल वॉच अल्ट्रा 2 को भी लॉन्च कर सकती है। हालांकि, इवेंट में कौन-कौन से प्रोडक्ट लॉन्च किए जाएंगे, इसके बारे में कंपनी ने ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी है। एपल वंडरलस्ट इवेंट में कंपनी ऑपरेटिंग सिस्टम के रोलआउट की डेट भी अनाउंस कर सकती है। आईओएस 17 के फीचर्स कंपनी ने तीन महीने पहले इवेंट में अनवील किए थे। आईओएस 17 में लाइव वॉयस मेल ट्रांसक्रिप्शन, फेसटाइम मैसेज रिकॉर्ड करने की एबिलिटी, पर्सनलाइज्ड कॉन्टैक्ट पोस्टर जैसे फीचर्स मिलेंगे। अगर कोई व्यक्ति कॉल रीसीव नहीं कर रहा है तो डिवाइस में आईओएस 17 अपडेट मिलने के बाद यूजर्स रिकॉर्डेड फेसटाइम मैसेज भेज सकेंगे। इसके साथ ही अब हे सिरी नहीं बल्कि केवल सिरी बोलकर वॉइस कमांड फीचर को यूज किया जा सकेगा। यूजर्स अब ऑफलाइन मैप भी यूज कर सकेंगे। अभी आईओएस 17 बीटा टेस्टिंग फेज में है। एपल हर साल सितंबर में नए आईफोन सीरीज के साथ कई अन्य प्रोडक्ट लॉन्च करती है। इस साल कंपनी आईफोन 15, आईफोन 15 प्लस, आईफोन 15 प्रो और आईफोन 15 प्रो मैक्स को लॉन्च कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस साल का सबसे महंगा आईफोन, आईफोन 15 प्रो मैक्स हो सकता है, जिसमें टाइटेनियम फ्रेम के साथ एक पेरिस्कोप कैमरा दिया जा सकता है। इसमें नया बायोनिक चिपसेट की फास्ट चार्जिंग स्पीड भी मिल सकती है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## हेमा बोली- इंडियन ऑडियंस फिल्मों को थिएटर्स में ज्यादा पसंद करती है

दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने इन दिनों फिल्मों से दूरी बना रखी है। उनकी आखिरी फिल्म 'शिमला मिर्च' थी, जो 2020 में रिलीज हुई थी। हेमा ने आगे कहा- 'बड़े पर्दे पर फिल्में बहुत अलग होती हैं। इंडियन ऑडियंस फिल्मों को वहां ज्यादा पसंद करती है। मैं खुद सिनेमाहॉल में जाकर फिल्में देखना पसंद करती हूं। वेब सीरीज जैसी चीजें टाइमपास के लिए अच्छी हैं, लेकिन मुझे इनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। पठान और गदर 2 का उदाहरण देते हुए हेमा ने कहा- 'यही वजह है कि जब पठान या गदर 2 थिएटर्स में आए, वो फिल्में जबरदस्त हिट हुईं। लोग बिग स्क्रीन पर फिल्में देखना पसंद करते हैं, वह एक्सपीरियंस छोटे पर्दे पर नहीं है।' हेमा ने फिल्म बागबान के बारे में बात भी की, कहा काश उन्होंने बागबान के बाद कई और फिल्मों में अमिताभ के साथ काम किया होता। बिग बी के साथ काम के एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए हेमा ने कहा- काश हमने और फिल्मों में साथ काम किया होता। उनके साथ काम करना वाकई शानदार था। एक्ट्रेस ने बताया बागबान के जरिए वह लंबे समय बाद फिल्मों में कमबैक करने जा रही थीं।



एक्टर शरत सक्सेना ने कहा

## सलमान ने मेरे नाम की काफी सारी फिल्मों में सिफारिश की



एक्टर शरत सक्सेना ने कहा कि सलमान ने इसके बाद उन्हें काफी सारी फिल्मों में काम करने का मौका दिया। उन्होंने कहा- सलमान ने मेरे नाम की काफी सारी फिल्मों में सिफारिश की। रोल चाहे छोटा हो या बड़ा, उनके साथ काफी सारी फिल्मों में काम किया। उनके साथ काम करके अच्छा लगता है। इस दौरान उन्होंने सलमान खान से जुड़ा एक वाकया शेयर किया है। शरत ने कहा कि एक सीन में सलमान बिना ग्लिसरीन के रोने लगे थे। फिल्म तुमको न भूल पाएंगे में शरत ने सलमान के पिता का रोल निभाया था। फिल्म के एक सीक्वेंस में इमोशनल सीन था। अमूमन एक्टर्स रोने वाले सीन के लिए ग्लिसरीन का यूज करते हैं। इससे आसानी से आंसू निकल जाते हैं। हालांकि सलमान उस सीन में इतना घुस गए कि वे रियल में रोने लगे थे। शरत के मुताबिक, सलमान उनके काम से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने काफी सारी फिल्मों में उन्हें काम करने का मौका दिया। फिल्म तुमको न भूल पाएंगे में शरत सक्सेना को सलमान खान के पिता का रोल करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। हालांकि लोगों ने कहा कि शरत का स्किन डार्क है, जबकि सलमान फेयर हैं। वे उनके पिता कैसे बन सकते हैं।

### दाता कॉलोनी ब्रिज के नीचे धमकाते हुए बदमाशों ने ढाई हजार की नगदी, मोबाइल और बैग छीना

# बहन के घर रक्षा बंधन पर राजस्थान से आए भाई से ऑटो चालक और दो साथियों ने की लूट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी के पुराने शहर में लूटपाट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आटो सवार तीन लुटेरों ने एक युवक का लालघाटी से अशोका गार्डन छोड़ने के लिए आटो में बिठाया और दाता कॉलोनी ब्रिज के नीचे उससे मोबाइल, नगदी और**



**उसका बैग छीन लिया। घटना कल बुधवार सुबह करीब पांच बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हुलिए के आधार पर तीनों आरोपियों की तलाश कर रही है।**

एसआई बाना सिंह पवार ने बताया कि सुनील कसेरा पिता गिरीराज कसेरा (40) राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी बहन अशोका गार्डन भोपाल में रहती है। वे राजस्थान से बस से भोपाल आए थे। लालघाटी पर बस से उतरने के लिए उन्होंने एक आटो वाले से बातचीत की। सुबह करीब पांच बजे के आसपास एक आटो वाला उन्हें लालघाटी के पास मिला था। उसमें आटो चालक और दो युवक पहले से बैठे हुए थे। सुनील ने आटो चालक से अशोका गार्डन चलने की बात कही और वह अशोका गार्डन चलने के लिए तैयार हो गया। सुनील आटो में लालघाटी से डॉक्टर कालोनी वाली गली से होते हुए दाता कॉलोनी ब्रिज के नीचे तक पहुंचा था। तभी आटो चालक और उसमें बैठे दोनों युवक ने सुनील को धमकाना शुरू कर दिया और धमकी देते हुए उससे मोबाइल, पर्स और बैग छीन लिया। घटना की जानकारी सुनील ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने मंगलवार शाम अज्ञात लुटेरों पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। एसआई पवार का कहना है कि रात होने के कारण सुनील आटो का नंबर नहीं देख सका था। पुलिस ने अन्य आटो चालकों से तीनों लुटेरो का हुलिया बताकर पूछताछ की थी, लेकिन अभी लुटेरों का सुराग नहीं लग सका है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, गाल पर ब्लेड से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



जहांगीराबाद इलाके में एक बदमाश ने शराब के लिए युवक से अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर उसके गाल पर ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इमरान खान (30) जिंसी जहांगीराबाद में रहता है। मंगलवार शाम करीब चार बजे वह अपने दोस्तों के साथ चौराहे पर खड़ा था, तभी वहां आमिर नामक बदमाश पहुंचा। उसने शराब के लिए पांस सौ रुपए मांगे। इमरान ने रुपए देने से मना किया तो उसने जरूरी फोन लगाने के लिए मोबाइल मांगा। इमरान ने उसे मोबाइल दिया तो वह कहने लगा कि पांच सौ रुपये देगा तो ही मोबाइल लौटाएगा। इमरान ने जब रुपये देने से इंकार किया तो उसने ब्लेड से उसके गाल पर हमला कर दिया और भाग निकला। पुलिस ने इमरान की रिपोर्ट पर आमिर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### भेल के नवागत ईडी का स्वागत



**भेल।** नव नियुक्त कार्यपालक निदेशक राजीव सिंह का जूनियर एक्जिक्यूटिव एसोसिएशन ने स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन के पी द्विवेदी, महासचिव जीएस सोलंकी, आरएस सिसोदिया, प्रवीण व्यास, दिनेश बालयन, सरोज, सहित साथी मौजूद रहे। कार्यपालक निदेशक ने कहा कि कारखाने में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बना कर उत्पादन के लिए निर्धारित लक्ष्य को मिलकर पूर्ण करने के लिए कटिबद्ध हैं। सुपरवाइजर इसमें प्रबंधन और वर्कर के बीच में सेतु का काम करता है। उसको महती भूमिका निभानी पड़ेगी। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने पूर्ण निष्ठा और मेहनत लगन से अपने दायित्वों का निर्वहन कर भेल का निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए भरोसा दिलाया।

## कार ने मारी बाइक सवार युवक को टक्कर, घायल



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार ढाबा कर्मचारी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मुकेश साहू (25) भगवती नगर झुग्गीबस्ती कटारा हिल्स में रहता है और मिसरोद स्थित एक ढाबे पर खाना बनाने का काम करता है। बीती 27 अगस्त की दोपहर करीब दो बजे वह मोटर सायकिल से काम पर जा रहा था। लहारपुर मार्केट के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दोस्त ने उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद वह ढाबे पर पहुंचा मंगलवार को थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर कार और चालक की तलाश कर रही है।

### बस का इंतजार कर रहे छात्र को कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** स्कूल से घर आने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक छात्र को कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गिरजाशंकर (48) मित्तल कालेज रोड निशातपुरा में रहते हैं और एक न्यूज पेपर की एजेंसी चलाते हैं। उनका 13 साल का बेटा मानव



शास्त्री सातवीं कक्षा में पड़ता है। मंगलवार दोपहर स्कूल से निकलने के बाद वह पैदल करोंद चौराहा स्थित बड़ौदा बैंक के सामने बस का इंतजार कर रहा था। दोपहर करीब सवा दो बजे अज्ञात कार ने बच्चे को टक्कर मार दी और भाग निकला। इससे बच्चे के पैर में चोट आई। उसके बाद छात्र आटो में बैठकर घर के लिए रवाना हुआ। आटो से उतरने के बाद उसका इंतजार कर रहे पिता को उसने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पिता उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने निशातपुरा थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## बदमाश से चोरी की बाइक बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी उक्त बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी से वाहन चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान हेड कांस्टेबल खेमेंद्र सोलंकी और विपेंद्र शर्मा इलाके के भ्रमण पर निकले। दोनों जैसे ही ग्राम रोड़िया



फाइल फोटो

के पास पहुंचे, वहां पहले से बाइक लेकर खड़ा युवक पुलिस को देखकर ग्राम त्रिवेणी की तरफ भाग निकला। शंका होने पर पुलिसकर्मियों ने इसकी जानकारी आरक्षक धनीराम को देते हुए युवक का हुलिया बताया और उसकी तलाश शुरू की। कुछ दूर आगे जाने पर उक्त बाइक सड़क किनारे खड़ी मिली। पुलिस ने आसपास तलाश किया तो उक्त युवक झाड़ियों के पास छिपा मिला। पूछताछ पर उसने अपना नाम अनीस खां (41) निवासी ग्राम बरी खेजड़ा बताया। बाइक को लेकर पूछताछ पर बताया कि गुनगा इलाके से चोरी की थी और रोड़िया गांव के पास बेचने के लिए पहुंचा था। पुलिस ने बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीआई शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ करीब डेढ़ दर्जन अपराध पहले से दर्ज हैं।

### नीम के पेड़ पर बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र



स्थित गांव बरोड़ी में एक बुजुर्ग ने नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक का पड़ोसियों से जमीनी विवाद चल रहा था। पुलिस में मार्ग कम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 65 साल के सौदान सिंह दांगी गांव बरोड़ी थाना बैरसिया में रहते थे। वह खेती किसानी करते थे। मंगलवार सुबह करीब 11ः00 बजे उन्होंने घर से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ पर फांसी लगा ली। नजर पढ़ते ही उनका बेटा उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

## 23वीं बटालियन के पास से चंदन का पेड़ काट कर ले गए चोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित 23वीं बटालियन भदभदा के पास अज्ञात बदमाश चंदन का पेड़ काट कर चुरा ले गए। घटना मंगलवार रात 1:00 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच की है। पुलिस ने 23वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।



एएसआई जगदीश रावत ने बताया कि लखन लाल पटेल 23वीं बटालियन में पदस्थ है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 23वीं बटालियन के पीछे एक हेयर सैलून है। हेयर सैलून के पास चंदन का पेड़ लगा था। रात 1ः00 बजे तक पेड़ सही सलामत था। बुधवार सुबह कुछ लोगों ने देखा तो पेड़ तने के पास से कट चुका था और पेड़ का हिस्सा चोर चुराकर ले गया था।

**मेट्रो एंकर** | **तीसरे आरोपी की तलाश**

# गर्दन पर चाकू अड़ाकर साढ़े सात हजार रुपये लूटने वाले दो गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज इलाके में एक आटो चालक की गर्दन पर चाकू अड़ाकर साढ़े सात हजार रुपये लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर दोनों को पकड़ा गया है। वारदात में शामिल रहा तीसरा आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि कल्याण नगर छोला मंदिर निवासी रामबाबू विश्वकर्मा (35) बैटरी वाला आटो चलाते हैं। पिछले सप्ताह बुधवार रात करीब आठ बजे वह करोंद सब्जी मंडी के पास से निकल रहे थे, तभी दो युवक सवारी बनकर फूटा मकबरा जाने के लिए आटो में सवार हुए।

रात करीब साढ़े आठ बजे दुलीचंद का बाग के पास पहुंचे तो रामबाबू ने आटो रोका। इस दौरान युवकों का एक और साथी मिल गया। उसके बाद तीनों ने रामबाबू को पकड़ लिया और गर्दन पर चाकू अड़ाकर जेब में रखे साढ़े सात हजार रुपए छीन लिए। यह रुपए उसने अंजुमन के लिए रखे हुए थे। पुलिस ने रामबाबू की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था।

### मुखबिर की मदद से पकड़ाए दो आरोपी

टीआई भदौरिया ने बताया कि फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने संदेही समीर उर्फ बड़ा मुन्ना (24) निवासी लवकुश स्कूल के पास दुलीचंद का बाग को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर समीर ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने उसके साथ ही जीशान (22) निवासी दुलीचंद का बाग को भी गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल रहा तीसरा आरोपी नदीम उर्फ मुन्ना अभी फरार है, जिसकी तलाश में टीम लगाई गई है। मुख्य आरोपी समीर के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी समेत आधा दर्जन से ज्यादा अपराध पहले से दर्ज हैं।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022